

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मॉरिटानिया, लक्जमबर्ग, कनाडा और स्लोवेनिया के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 19 अंक: 273 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 2029 तक देश की हर पंचायत में सहकारी समिति बनेगी: शाह

## साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन, इस क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि में एक मील का पत्थर होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा के रोहतक जिले में साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन करते हुए कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों और ग्रामीण भारत के लिए नई क्रांति है। उन्होंने घोषणा की कि 2029 तक देश की हर पंचायत में सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। शाह ने सहकारिता को आर्थिक व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बताया। अमित शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में डेयरी सेक्टर में हुए बदलावों से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। सहकारी समितियों की वजह से अब किसान सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ पा रहे हैं और उनका मुनाफा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में यह मॉडल आने वाले समय में ग्रामीण विकास का आधार बनेगा। केंद्रीय गृहमंत्री ने सहकारिता आंदोलन को 'जनभागीदारी का सबसे सफल मॉडल' बताया और उन्होंने कहा कि जब किसान, मजदूर और महिलाएं मिलकर समितियां चलाते हैं, तो उसका असर समाज की समृद्धि पर साफ दिखाई देता है। शाह ने कहा कि सहकारिता गांव-गांव को आत्मनिर्भर बनाएगी और किसान को मजबूती प्रदान करेगी। शाह ने बताया कि सरकार ने पूरे देश में 75 हजार नई डेयरी समितियों की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जबकि पहले से कार्यरत 46 हजार समितियों को और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और बिचौलियों पर निर्भरता खत्म होगी। सीएम नायब सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जींद और सिरसा के दो दूध संयंत्रों के नवीनीकरण के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा लगभग साढे 18 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई और दूध उत्पादन में हरियाणा देश तीसरा स्थान रखता है जो कि प्रत्येक हरियाणा वासी के लिए गर्व की बात है।



### खादी कारीगर महोत्सव में शाह ने बांटे टूल किट्स

**रोहतक।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा के रोहतक जिले के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित खादी कारीगर महोत्सव में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी ग्रामोद्योग आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी का जब शताब्दी उत्सव मनाया जाएगा तो उसमें खादी का अहम योगदान रहेगा। लाखों बुनकरों के लिए खादी ग्रामोद्योग सशक्त मंच बन रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मौजूद कारीगरों को आधुनिक मशीन, टूल किट्स एवं पीएमईजीपी के तहत 301 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी वितरित कर उन्हें स्वदेशी से स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### केंद्रीय गृहमंत्री ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र कुरुक्षेत्र से हरियाणा प्रदेश को दी 825 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा से हरियाणा प्रदेश को 825 करोड़ रुपए की लागत से 19 परियोजानाओं की सौगात दी है। इन परियोजनाओं में प्रदेश के 262 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से तैयार पांच नर्सिंग कॉलेज, पुलिस लाइन जींद के 84 आवासों, नारनौल के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह व ब्लॉक का उद्घाटन और 562 करोड़ 49 लाख की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को केडीबी मेला क्षेत्र में गृह विभाग की तरफ से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बटन दबाकर एक साथ 19 परियोजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उनके साथ मौजूद थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का अनुशरण करते हुए हरियाणा प्रदेश में सबका साथ सबका विकास की नीति को आधार मानकर चहुंमुखी विकास हो रहा है।





भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस एवं पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी से मुलाकात की।

# उपसभापति हरिवंश ने की पी20 शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने दक्षिण अफ्रीका के क्लेनमंड में चल रहे 11वें जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) के साथ-साथ रूस, जर्मनी, इटली और मेजबान दक्षिण अफ्रीका की संसदों के पीठासीन अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की। ये बैठक द्विपक्षीय संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने और व्यापार साझेदारी, प्रौद्योगिकी एवं संपोषणीय विकास पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने पर केंद्रित रहीं। प्रतिनिधिमंडलों के साथ अपनी बैठकों में उपसभापति ने हाल ही में भारतीय संसद सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडलों जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पार आतंकवाद पर भारत का रुख सामने रखने के लिए इन देशों की यात्रा की थी, उनका भी स्मरण कराया।

एक बयान के मुताबिक, रूस की फेडरेशन काउंसिल के डिप्यूटी स्पीकर कोंस्टैंटिन कोसाचेव के साथ अपनी बैठक में हरिवंश ने दोनों देशों के बीच विभिन्न लाभकारी संबंधों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारियों को स्मरण किया। ओमिद नूरीपुर, बुंडेस्टाग के वाईस प्रेसीडेंट के साथ अपनी बैठक में, हरिवंश ने अग्रणी लोकतंत्रों के बीच आपस में मिलजुल कर और अधिक कार्य करने की संभावना और व्यापार एवं संपोषणीय विकास साझेदारी के लिए सफल रूप से सहयोग स्थापित करने पर बल दिया।



# पटना में आयोजित होने वाले मखाना महोत्सव में शामिल होंगे शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 4 अक्टूबर को पटना (बिहार) के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान शिवराज सिंह पटना में मखाना महोत्सव में शामिल होंगे, वहीं रबी कार्यशाला एवं कृषि सलाहकार संवाद कार्यक्रम में भी सहभागिता करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को कृषि मंत्रालय ने मीडिया को दी। शिवराज सिंह चौहान का पटना प्रवास, बिहार राज्य में कृषि विकास और नवाचार की दिशा में एक और अहम कदम है। शिवराज सिंह 4 अक्टूबर, सुबह 10.10 बजे दिल्ली से रवाना होकर 11.55 बजे पटना पहुंचेंगे। वे दोपहर 12.30 बजे गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन पहुंचकर पौधारोपण कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे। उसके बाद दोपहर 1 से 2 बजे तक मखाना महोत्सव में शिरकत करेंगे, जिसमें बिहार के 'मखाना' उत्पाद की वृद्धि और किसानों की आय संवर्धन पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



# पाक सोच ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं: द्विवेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। श्रीगंगानगर जिले के घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे सेना प्रमुख ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। अगर पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे में (भूगोल में) अपनी जगह बनाए रखनी है, तो पाकिस्तान जो आतंकवाद को सरंक्षण दे रहा है, उसे अब आतंकवाद को रोकना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर किया गया है, पूरे ऑपरेशन का नाम एक ही रखा गया था, जबकि इससे पहले जो भी ऑपरेशन किए गए हैं।



**ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा।**

# कैबिनेट मंत्री हरपाल चीमा ने आर्यन की लिखी पुस्तक 'अर्बन स्ट्रैटा क्रिटीक' का किया विमोचन



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब के कैबिनेट मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा द्वारा आर्यन की लिखी पुस्तक 'अर्बन स्ट्रैटा क्रिटीक' जारी की गई। इस अवसर पर चीमा ने कहा कि यह अच्छी बात है कि आर्यन ने विद्यार्थी जीवन में ही लेखन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक नई पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से लिखी गई है और युवाओं के लिए लाभकारी साबित होगी। उन्होंने आर्यन को पुस्तक लिखने के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक आर्यन, जो एमए (पॉलिटिकल साइंस) के विद्यार्थी हैं, ने कहा कि उन्होंने इस पुस्तक में युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज की नई पीढ़ी अपने सभ्याचार, सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। युवाओं में सहनशीलता खत्म होती जा रही है। युवा छोटी-छोटी बातों पर लड़ने-झगड़ने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। इसके अलावा युवाओं में पुस्तकों को पढ़ने का रुझान कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस पुस्तक में युवाओं को जागरूक करने की कोशिश की है ताकि वे एक अच्छे नागरिक बन सकें।

# हिमाचल प्रदेश के लिए दो नए केंद्रीय विद्यालय मंजूर: शिक्षा मंत्री

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज यहां बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल समिति ने पूरे देश में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है। इनमें हिमाचल प्रदेश के लिए भी दो नए केन्द्रीय विद्यालय शामिल किए गए हैं। ये विद्यालय जिला शिमला के कोटखाई और जिला सिरमौर के पांवटा-साहिब में खोले जाएंगे।



रोहित ठाकुर ने बताया कि यह महत्वपूर्ण निर्णय राज्य सरकार की सिफारिश और निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप लिया गया है। इससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक अवसंरचना को बढ़ावा मिलेगा, जो राज्य सरकार के शिक्षा क्षेत्र में सुधार के प्रति मजबूत संकल्प को दशार्ता है।

उन्होंने बताया कि ये नए विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत प्री-प्राइमरी स्तर से शिक्षा प्रदान करेंगे। इस निर्णय से राज्य के हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के निकटतम विकल्प सुनिश्चित होंगे और शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को अन्य स्थानों पर पलायन की आवश्यकता भी कम होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्रीय विद्यालय में लगभग 80 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, विद्यालयों के निर्माण और संबंधित कार्यों से श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

# नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का प्रदेश कार्यालय में स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए बने कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का शुक्रवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी की इजहार किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में आदित्य साहू का स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। बधाई और शुभकामना देने वालों में प्रदेश संगठन के महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं शामिल रहे। आदित्य साहू ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, चंपई सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, दिनेशानंद गोस्वामी, यदुनाथ पाण्डेय, अभयकांत प्रसाद, पी.एन. सिंह सहित पार्टी का जताया आभार।



**आदित्य साहू एक अनुभवी नेता, संगठन को मिलेगी मजबूती : बाबूलाल**

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि आदित्य साहू बूथ स्तर से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। इनना लंबा राजनीतिक अनुभव है, संसदीय कार्यों का भी अनुभव भी एक सांसद के रूप में है। इनके अनुभव और कार्यक्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। राज्य में पार्टी और मजबूत होगी।

# सीबीआई ने दो अधिकारियों को रिश्वतखोरी के मामलों में किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो अलग-अलग मामलों में दो सरकारी अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारियों में गांधीनगर (गुजरात) के कंट्रोलर जनरल ऑफ डिफेंस अकाउंट्स (सीजीडीए) के ऑडिटर अशोक कुमार जादव और नांदेड़ (महाराष्ट्र) स्थित डिविजनल रेलवे अस्पताल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक लक्ष्मीशंकर माथुराप्रसाद शामिल हैं। सीबीआई के मुताबिक पहले मामले में आरोप है कि ऑडिटर अशोककुमार जादव ने पुणे एयरफोर्स बेस पर सीसीटीवी सप्लाई ऑर्डर की फाइल पास करने के लिए चार लाख रुपये (बोली राशि ढाई करोड़ रुपये का 2 प्रतिशत) रिश्वत मांगी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने 30 सितंबर को उन्हें साढ़े तीन लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपित को अहमदाबाद से ट्रांजिट रिमांड लेकर विशेष न्यायाधीश, पुणे के समक्ष पेश किया।



## केंद्रीय गृह मंत्री ने देखा तीन नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया का लाइव डेमो

# गृह मंत्री ने कुरुक्षेत्र में नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़। धर्मक्षेत्र** कुरुक्षेत्र, जिसने गीता का अमर संदेश पूरी दुनिया को दिया, आज न्याय प्रणाली में विश्वास के स्वर्णिम युग का गवाह बना। अवसर था–संसद द्वारा मई 2023 में पारित तीन नए आपराधिक कानूनों–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023–पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन का। देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में लगाई गई इस प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया और इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया का लाइव डेमो भी देखा।



कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि सैनी न केवल मृदुभाषी और हंसमुख व्यक्तित्व के स्वामी हैं बल्कि मेहनती और दूरदर्शी नेता भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज विकसित भारत, 2047 को हरियाणा की धरती पर उतारने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रयासों की प्रशंसा की। अमित शाह ने कार्यक्रम के दौरान हरियाणा की जनता के लिए गृह, सहकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सडक से जुड़ी करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सैनी गरीब-केंद्रित योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में एक विशेष प्रदर्शन के जरिए दिखाया गया कि डायल 112 पर सूचना मिलते ही पुलिस किस तेजी से कार्रवाई करती है और किस प्रकार न्यायालय तक दोषी को सजा दिलाने की पूरी प्रक्रिया संपन्न होती है।

इस डेमो को प्रदर्शनी स्थल पर एलईडी पैनलों के माध्यम से लाइव दिखाया गया, जिससे लोगों में न्याय प्रणाली के प्रति नए विश्वास की स्थापना हुई। आज का यह आयोजन न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, जब न्याय प्रणाली में विश्वास का एक नया अध्याय कुरुक्षेत्र से शुरू हुआ।

**पुलिस किस तेजी से कार्रवाई करती है और किस प्रकार न्यायालय तक दोषी को सजा दिलाने की पूरी प्रक्रिया संपन्न होती है।**

# बदले नामों से आज भी मौजूद हैं रामायण व महाभारत के खल पात्रः योगी

## बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने लोग पूर्व जन्म में दुर्योधन और दुशासन के शागिर्द रहे होंगे। ऐसे लोगों से समाज को सतर्क रहना होगाः मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाली, सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाली ताकतें हर कालखंड और परिस्थिति में विद्यमान रही हैं। पर, सनातन की एकता के बल पर उनका संहार किया जाता रहा है। रामायण और महाभारत के खल पात्र आज भी बदले नामों और रूपों में मौजूद होकर समाज को बांटने में लगे हैं। ऐसे लोगों से हर सनातन धर्मावलंबी को सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री योगी विजयदशमी पर्व पर गुरुवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भले ही नाम बदल गया होगा लेकिन रामायण और महाभारत काल के दुष्ट पात्र दूसरे रूप में आज भी मौजूद हैं। आज भी समाज शूर्पणखा, ताड़का, खर दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे लोगों से त्रस्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जातीयता, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग पूर्व जन्म में ताड़का, मारीच, शूर्पणखा





के सहयोगी रहे होंगे। इसी तरह बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने लोग पूर्व जन्म में दुर्योधन और दुशासन के शागिर्द रहे होंगे। ऐसे लोगों से समाज को सतर्क रहना होगा।

**रामराज्य की स्थापना के शंखनाद का पर्व है विजयदशमी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म, अन्याय और अत्याचार के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम द्वारा रामराज्य की स्थापना के शंखनाद का पर्व है। रामराज्य हर देशकाल, परिस्थिति में अक्षरशः सही है। इसीलिए सनातनी लोग मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के उपकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को रावण का पुतला दहन करते हैं और श्रीराम का अभिनंदन करके उनका वंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने धरा पर सबसे चरित्रवान व्यक्तित्व की लेखनी से मानव को मार्गदर्शन देने के लिए जब अपनी लेखनी उठाई तो उन्होंने श्रीराम को साक्षात धर्म का रूप पाया। उनके अनुसार राम में धर्म के सभी आग्रह मौजूद हैं। श्रीराम हर सनातनी के रोम-रोम और श्वांस में बसे हैं। योगी ने कहा कि 90 के दशक में जब संचार के साधन काफी कम थे तब दूरदर्शन पर प्रसारित रामायण सीरियल की रीच 66 करोड़ से अधिक थी। इतना लोकप्रिय धारावाहिक कोई भी नहीं हुआ। कारण यह कि राम की कथा सबके लिए प्रेरणादायी है। कोरोना काल में भी जब इसका प्रसारण हुआ तो यह सर्वाधिक लोकप्रिय धारावाहिक सिद्ध हुआ। आज का जनसैलाब भी इस बात की गवाही दे रहा है कि राम हर एक आयोजन के जरिए कुछ न कुछ संदेश देकर हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बनते हैं।

विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरएसएस जैसा तेजस्वी और ओजस्वी संगठन पूरी दुनिया में नहीं है। विपरीत परिस्थितियों में भी इसने समाज को संबल देकर भारतीय मूल्यों और आदर्शों की रक्षा की है। जो कार्य सरकारें नहीं कर पाईं, वह कार्य आरएसएस ने करके दिखाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा में सेवा के माध्यम से इस संगठन ने समाज को जोड़ने का कार्य किया है।

बारह हजार से अधिक शिशु मंदिरों, विद्या भारती के जरिए तथा हजारों स्वास्थ्य प्रकल्पों के माध्यम से इसने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। भारतीय मजदूर संघ के माध्यम से श्रमिकों और श्रीराम वनवासी छात्रावास के जरिए वनवासी बच्चों के कल्याण की बात हो या फिर गोरक्षा की, आरएसएस का योगदान समाज के हरेक क्षेत्र में है।

## नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प : मुख्यमंत्री योगी



**गोरखपुर।** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार चार दिन अनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के बावजूद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे। एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

# कर्नाटक को अनुमानित 15,000 करोड़ का नुकसान होगाः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**मैसूर।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि बिहार चुनाव के मद्देनजर जीएसटी को सरल बनाने के केंद्र सरकार के फैसले से कर्नाटक को अनुमानित 15,000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। मैसूर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2017 में जीएसटी लागू किया और जीएसटी की दरें तय कीं। क्या केंद्र सरकार, जो पिछले आठ सालों से बढ़ी हुई दरें वसूल रही है, वो पैसा वापस करेगी? भाजपा जिस जीएसटी दर को खुद बढ़ा कर लाया था, उसे अब कम करके अपनी पीठ थपथपाने में लगा है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से जीएसटी को सरल और कम करने का दावा करने की जरूरत नहीं है।

**राज्य को लगभग 17000 करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान**

केंद्र से राज्य को कर के रूप में केवल 3200 करोड़ रुपये दिए जाने के तथ्य पर प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को 18% और उनके राज्य को केवल 3.5% मिल रहा है। यह



> केंद्रीय वित्त मंत्री ने 15वें वित्त आयोग में राज्य को दिए गए विशेष अनुदान को रद्द कर दिया।

अनुचित है कि कर्नाटक केंद्र को कर के रूप में 4.5 लाख करोड़ रुपये दे रहा है, लेकिन हमें प्रति रुपये केवल 14 पैसे मिलते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने 15वें वित्त आयोग में राज्य को दिए गए विशेष अनुदान को रद्द कर दिया। आयोग की सिफारिश के अनुसार, 5490 करोड़ रुपये, झील विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये, सड़क निर्माण के लिए 3000 करोड़ रुपये और भद्रा ऊपरी नदी परियोजना के लिए 5000 करोड़ रुपये हमें नहीं दिए गए। कुल अनुदान जो 17000 करोड़ रुपये आने वाला था, उसको रोक दिया गया है। पिछली बार की तरह, इस बार भी, यदि आवश्यक हुआ तो हम कीर्तनकी मदद लेंगे और केंद्रीय अनुदान प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालाँकि कम केंद्रीय वित्त पोषण के बीच गारंटी की लागत को पूरा करना सरकार के लिए एक चुनौती है, लेकिन इस चुनौती का डटकर सामना किया जाएगा। जीएसटी सरलीकरण से राज्य सरकारों को ज्यादा नुकसान होगा। इससे कर्नाटक को सालाना अनुमानित 15,000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# कर्ज और व्यापार में निरंतर घाटे से जूझ रहे व्यापारी ने फंदे से लटककर दी जान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** थाना वृन्दावन अंतर्गत बनी कान्हा माखन सोसाइटी के वृंदा कुंज रेजिडेंसी की सी ब्लॉक के फ्लैट संख्या 207 में एक व्यापारी द्वारा फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला का अंत कर लिया, इस घटना की जानकारी पड़ोसियों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंच पुलिस ने जानकारी हासिल की। व्यापारी धैर्य गुप्ता मूलरूप से उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद के टूंडला निवासी बताया जा रहा है वह अपनी पत्नी और बच्चों को अपनी ससुराल खंदोली जनपद आगरा छोड़कर आया था, जानकारी करने ओर पता चला है कि व्यापार में निरंतर घाटा होने से परेशान चल रहा था। टूंडला में व्यापार करता था वहां उसे व्यापार में घाटा होने लगा जिस पर वह टूंडला छोड़ वृंदावन आकर रहने लगा, वृन्दावन आकर भी उसका वही हाल रहा जिसके चलते वह यहां भी परेशान था परेशानी के चलते उसने अपने बीबी बच्चों को अपनी ससुराल खंदोली छोड़ दिया गुरुवार को लौटकर वृंदावन पहुंचा जहां उसने अपने फ्लैट में फांसी पर लटक कर अपनी जान दे दी।



रेल मंत्री वैष्णव और जापान के मंत्री ने सूरत हाई-स्पीड रेल परियोजना स्थल का किया दौरा

# सेना प्रमुख ने राष्ट्र निर्माण में बहुमूल्य योगदान के लिए पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**बीकानेर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को सैनिकों की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा के लिए बीकानेर सैन्य स्टेशन सहित अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान, सेना प्रमुख ने वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व, पूर्व सैनिकों, नागरिक गणमान्य व्यक्तियों और जवानों से बातचीत की और सेना के आधुनिकीकरण, ऑपरेशनल तैयारियों, तकनीकी क्षमताओं को



सुदृढ़ करने तथा ऑपरेशनल उत्कृष्टता पर विशेष जोर को दिया। सेना प्रमुख ने राष्ट्र निर्माण में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए पूर्व सैनिकों लेफ्टिनेंट कर्नल के. हेम सिंह शेखावत (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट कर्नल बीरबल बिश्नोई (सेवानिवृत्त), रिसलदार भंवर सिंह (सेवानिवृत्त) और हवलदार नकत सिंह (सेवानिवृत्त) को सम्मानित किया। उन्होंने सभी रैंकों के साथ बातचीत में युद्ध की तेजी से बदलती प्रकृति पर जोर दिया और पूरे ऑपरेशनल स्पेक्ट्रम में यूएएस और काउंटर-यूएएस तकनीकों के एकीकरण के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जिससे उभरते खतरों के खिलाफ अनुकूलन क्षमता और तैयारियों में वृद्धि होगी। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) जयपुर (राजस्थान) ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार बीकानेर में सभी रैंकों और पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए, सेना प्रमुख ने कठिन रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों में संचालन के दौरान उनकी निष्ठा, समर्पण और बहु-एजेंसी समन्वय की सराहना की।

# मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हवलदार दिलीप तिर्की को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आवासीय कार्यालय में विशेष शाखा के हवलदार दिलीप तिर्की की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया और उनके समर्पण एवं निष्ठा से किए गए लंबे सेवाकाल की सराहना की। हवलदार दिलीप तिर्की का कार्यकाल अनुकरणीय रहा है। उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की सेवा की है। ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने



उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं भी की। दिलीप तिर्की 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। लगभग 40 वर्षों की सेवा अवधि में उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और ईमानदारी से विभाग एवं राज्य की सेवा की।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत जन समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत जन समुदाय को कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया गया एवं विभिन्न गतिविधियां के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा वल्लभ ने बताया कि अभियान के अंतर्गत महिलाओं में गैर-संचारी रोगों (जैसे उच्च रक्तचाप,



मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की गहन जाँच, संवेदनशील महिलाओं की क्षय रोग (टीबी) की जाँच तथा निःक्षय मित्र योजना में नामांकन, किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया की स्क्रीनिंग, सिकल सेल रोग की जाँच, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जाँच, हीमोग्लोबिन परीक्षण, पोषण संबंधी परामर्श और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल और अपने नजदीकी आयुष्मान आप मंदिर से संपर्क करके यह सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं' सीएमओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है।

## 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना'

# 25 लाख लाभुक महिलाओं को 2500 करोड़ की राशि का हुआ अंतरण



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 25 लाख लाभुक महिलाओं को 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 2500 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ 26 सितम्बर 2025 को किया गया था और उस दिन 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि डी०बी०टी० के माध्यम से हस्तांतरित की गयी थी। यानि अब तक कुल 1 करोड़ लाभुक महिलाओं के खाते में अब तक 10 हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जा चुकी है। आज एक करोड़वीं लाभार्थी अंजु कुमारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपना अनुभव साझा किया तथा प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत आर्थिक सहायता के रूप में 10000 रु० की प्रारंभिक राशि दी जा रही है। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के बाद आकलन कर 2 लाख रु० तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी, वे आत्म निर्भर बनेंगी। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

# किसानों के चेहरों की मुस्कान ही हमारी असली दीवाली : मुख्यमंत्री यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा है। बाढ़ हो, आपदा हो, ओलावृष्टि हो या कीट प्रकोप हो, किसान भाई हर विपदा से लड़ते और जूझते हैं। किसान पर कोई भी विपदा या आपदा आए सरकार संकट की हर घड़ी में साथी बनकर किसानों के साथ खड़ी है। किसान अकेले नहीं हैं, पूरा परिवार बनकर हम आपके साथ हैं। आपकी खुशी में ही प्रदेश की खुशी है। हर प्रकार की आपदा और कीट प्रकोप से फसलों को हुई क्षति की राहत राशि किसानों को दी जाएगी। यह राहत राशि किसानों को बड़ा संबल देगी। जब तक आखिरी पीड़ित किसान को

> मुख्यमंत्री ने 13 जिलों के 8.64 लाख से अधिक किसानों को 653.34 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से किए अंतरित

सहायता राशि नहीं मिल जाती, हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि किसानों के चेहरों की मुस्कान ही हमारी असली दीपावली जैसी है। किसानों की मेहनत और जज्?बा फिर से उनके खेतों को जीवन और समृद्धि से भर देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल स्थित अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में किसानों को प्राकृतिक आपदा और कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति की



राहत राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में बीते माहों में हुई अतिवृष्टि-बाढ़ और सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए फसल नुकसान के लिए 13 प्रभावित जिलों के आठ लाख 84 हजार 772 किसानों को 653.34 करोड़ की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसमें अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई फसल क्षति से प्रभावित 3 लाख 90 हजार 167 किसानों को 331.34 करोड़ रुपये एवं पीला मोजेक/कीट व्याधि से हुई फसल क्षति से प्रभावित 4 लाख 94 हजार 605 किसानों को 322 करोड़ रुपये की राहत राशि शामिल है।

**खोई मुस्कान लौटाना हमारी पहली प्राथमिकताः** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पीड़ित किसान भाइयों को राहत राशि देने और फसल सर्वे के कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। किसानों के चेहरे की खोई मुस्कान लौटाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

सरकार ने चार हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से 6 लाख 69 हजार से अधिक धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भी भावान्तर योजना शुरू की गई है। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अन्तर की राशि सरकार सीधे किसानों को देगी। हम किसानों का कोई नुकसान नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि किसानों भाइयों के दुख-दर्द में हम आपके सेवक बनकर खड़े हैं।

किसानों के माथे का पसीना बेकार नहीं जाएगा, आपकी मेहनत फिर से हरियाली का रूप लेकर प्रदेश को समृद्ध करेगी, हम सदैव आपके साथ हैं। राज्य सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है और उनके सुख-दुःख में सहभागी है।

हम प्रदेश के किसी भी किसान को आपदा में अकेला नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 में अब तक विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को विभिन्न मदों में कुल 229 करोड़ 45 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कड़कड़डूमा औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय (3 और 4 अक्टूबर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण आधुनिक सोच, पारदर्शिता और जनता की वास्तविक जरूरतों से जुड़े प्रशासनिक मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। इसका उद्देश्य सरकारी दफ्तरों में ऐसा वातावरण बनाना है जो ऊर्जा, अनुशासन और सामाजिक सेवा की भावना से परिपूर्ण हो। उन्होंने कहा, हर अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान अपने कर्तव्य का प्रथम आधार समझकर करें यही हमारी सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा, ईमानदारी, पारदर्शिता और टीम भावना के माध्यम से जनसेवा ही हमारी सरकार की कार्यशैली है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों को जनता की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी और काम भी तेजी से होगा।

पिछली सरकारों ने अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की ओर कोई ध्यान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार चलाने और जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हर व्यक्ति को प्रशिक्षण की जरूरत होता है, चाहे वह नेता हो या फिर अधिकारी।



## खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्रयासरत : रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित सुदेवा फुटबॉल क्लब में नए ग्राउंड का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री और क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, दिल्ली में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हमारा संकल्प है कि हर खिलाड़ी को अवसर मिले, अपनी प्रतिभा निखार सके और दिल्ली का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करे। दिल्ली सरकार ने सबसे बड़ी इनामी राशि के साथ एक नई खेल नीति लागू की है। इस नई नीति के तहत अब दिल्ली में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता को सात करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को पांच करोड़ और कांस्य पदक विजेता को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

## आईपीयू के लॉ प्रोग्राम की ओपन हाउस ऑफलाइन काउंसलिंग 9 अक्टूबर को





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) अपने तीन-वर्षीय लॉ प्रोग्राम (कोड 238) के लिए ओपन हाउस ऑफलाइन काउंसलिंग द्वारका कैंपस में 9 अक्टूबर को आयोजित करेगा। सभी आवेदकों को काउंसलिंग के दिन विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम 96,000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट और अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी इस काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के बाद सीटों का आवंटन किया जाएगा। यह प्रोग्राम यूएसएलएस (60 सीटें), वीआईपीएस (30 सीटें) और सीपीजे इंस्टिट्यूट (60 सीटें) में उपलब्ध है।

# खजूरी खास में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय, दिल्ली सरकार ने उपलब्ध कराई जमीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली स्थित खजूरी खास क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय खुलने जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को जमीन उपलब्ध करा दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें जानकारी दी गई है कि केवीएस ने दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र में एक नया केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह विद्यालय खजूरी खास (थाना खजूरी खास के पास सोनिया विहार क्षेत्र) उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में खोला जाएगा। प्रारंभिक रूप से विद्यालय में कक्षा एक से पांच



तक (प्रत्येक कक्षा में एकल अनुभाग) कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विद्यालय के संचालन के लिए भूमि आदि की व्यवस्था संबंधित प्राधिकरण द्वारा कर दी गई है और केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा इसे उपयुक्त पाया गया है। विद्यालय का संचालन सिविल सेक्टर के अंतर्गत किया जाएगा और आवश्यकता के अनुसार आने वाले वर्षों में इसका विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, दिल्ली में वर्तमान में 46 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने हमेशा यह माना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत का सबसे मजबूत स्तंभ है। यही कारण है कि उन्होंने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने पर बल दिया है। प्रधानमंत्री की यही सोच कि हर बच्चे को समान अवसर, समान शिक्षा और समान संसाधन इन विद्यालयों के माध्यम से साकार हो रही है।

# सात साल के मासूम के अपहरण की गुत्थी सुलझी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के विकासपुरी थाना पुलिस ने सात वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले को सुलझाते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हरियाणा निवासी मुख्य आरोपित अजय वर्मा (24), अमित (18), सचिन (20) और अजय (20) के रूप में हुई है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त शरद भास्कर दराडे ने शुक्रवार को बताया कि 28 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज



कराई थी कि उसका 7 साल का बेटा 27 सितंबर को स्कूल से लौटकर घर नहीं आया। महिला ने शक जताया कि उसके पूर्व साथी अजय वर्मा ने बच्चे का अपहरण किया है। महिला पहले अजय के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह चुकी थी। शिकायत मिलते ही विकासपुरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने स्कूल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें दो लोगों को बच्चे को मोटरसाइकिल पर ले जाते देखा गया। जांच में पता चला कि अजय वर्मा अपने दोस्त की मदद से बच्चे को अपहरण कर हांसी भाग गया है। पुलिस को तकनीकी निगरानी और सोशल मीडिया ट्रैकिंग के जरिए सुराग मिला और हांसी के एक फार्महाउस से बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया। मुख्य आरोपित अजय वर्मा और उसके दो साथी अमित व सचिन मौके से गिरफ्तार किए गए। वहीं दिल्ली से आरोपित अजय को भी दबोचा गया और उसकी निशानदेही पर एक देसी कट्टा बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक अजय वर्मा महिला से फिर से साथ रहने के लिए दबाव डाल रहा था। जब महिला ने इनकार कर दिया तो उसने बच्चे का अपहरण कर धमकी दी कि अगर वह हांसी लौटकर नहीं आई तो वह बेटे को नहीं छोड़ेगा।

## हत्या के मामले में दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी स्थित भागीरथी विहार में बृहस्पतिवार को चाकू घोंपकर मोहम्मद लुकमान (18) की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में 17 साल के दो नाबालिग लड़कों को पकड़ा है। आरोपितों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और खून से सने कपड़े बरामद हो गए हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि पांच दिन पहले लुकमान के किसी दोस्त का आरोपितों से झगड़ा हो गया था। इस दौरान दोस्त ने फोन कर लुकमान को बुलाया था। लुकमान वहां पहुंचा और बीच-बचाव के दौरान आरोपितों से उसकी हाथापाई हो गई थी।

# फर्जी दस्तावेजों पर विदेश भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए विदेश भेजता था। आरोपित की पहचान कनाडा निवासी गुरु अमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली (54) के रूप में हुई है। वह 2019 से फरार चल रहा था और अब कनाडा में ही रह रहा था। पुलिस जांच में उसके खिलाफ सात मामलों की संलिप्तता सामने आई है।

आईजीआई एयरपोर्ट के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने शुक्रवार को बताया कि 27 सितंबर 2019 को आईजीआई एयरपोर्ट इमिग्रेशन ने शिकायत दी थी कि 9 भारतीय यात्रियों को इथियोपिया से डिपोर्ट किया गया। उनके पास जो निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र था, वह फर्जी पाया गया। यह कथित तौर पर समोआ सरकार के नाम पर जारी



किए गए थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि समोआ सरकार ने ऐसे किसी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र को जारी ही नहीं किया। इस मामले में एफआईआर दर्ज किया गया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच में दो यात्रियों ने खुलासा किया कि ये फर्जी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र उन्हें एजेंट गुरुअमृतपाल सिंह उर्फ पाली ने 20-20 लाख रुपये लेकर दिए थे। पुलिस को पता चला कि वह कनाडा में रहता है। हाल ही में जब वह भारत लौटा, तो उसे अहमदाबाद एयरपोर्ट से दबोच लिया गया।

वहीं पूछताछ में गुरुअमृतपाल सिंह ने बताया कि वह कॉलेज के समय राष्ट्रीय स्तर का कबड्डी खिलाड़ी रह चुका है। उसने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, पंजाब से

> पूछताछ में गुरुअमृतपाल सिंह ने बताया कि वह कॉलेज के समय राष्ट्रीय स्तर का कबड्डी खिलाड़ी रह चुका है।

कबड्डी खेली और 1996-97 में कनाडा के हैमिल्टन पंजाब स्पोर्ट्स क्लब से भी खेला। साल 1995 में वह परिवार के साथ कनाडा शिफ्ट हो गया। जल्दी पैसे कमाने की लालच में वह एजेंटों के संपर्क में आया और फर्जी दस्तावेज बनाकर लोगों को विदेश भेजने लगा।

**सितंबर 2025 में बड़ी कार्रवाई**

पुलिस ने बताया कि सितंबर 2025 के महीने में कुल 52 लोगों को फर्जी वीजा और पासपोर्ट मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

## दिल्ली में प्रतिबंधित पटाखों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में पटाखों की बढ़ती मांग को देखते हुए लोगों ने अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में इनकी खरीद-फरोख्त शुरू कर दी है। दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के चलते, दिल्ली पुलिस ने इन्हें बेचने और भंडारण करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। क्राइम ब्रांच एक खास कमरे में प्रतिबंधित पटाखे बेचने वालों के खिलाफ सक्रिय रूप से अभियान चला रही है। ताजा मामले में, क्राइम ब्रांच की दो अलग-अलग टीमों ने मंडोली, समता विहार और मुकुंदपुर में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके ठिकानों से विभिन्न प्रकार और ब्रांड के 1036 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए।

# दिल्ली के महापौर ने संपत्तिकर निपटान योजना का लाभ उठाने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को जनता से संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) का लाभ उठाने की अपील की। इकबाल सिंह ने कहा कि करदाता इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2020-21 से पहले के ब्याज और जुमार्ने से पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं, बशर्ते वे चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) और पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) तक का मूल कर बिना किसी ब्याज और जुमार्ने के अदा करें।

उन्होंने बताया कि अब तक 1.29 लाख से अधिक करदाता सुनियो योजना का लाभ उठा चुके हैं और 30 सितंबर तक 519 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति कर जमा किया



जा चुका है। इनमें से लगभग 66 हजार नए करदाताओं ने पहली बार संपत्ति कर चुकाया है, जिससे लगभग 200 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ है। महापौर ने बताया कि चालू वर्ष 2025-26 में केवल छह महीनों में ही 11.79 लाख करदाताओं से 2270 करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 9.9 लाख करदाताओं से लगभग 1736 करोड़ रुपये ही एकत्र हुए थे। यह आंकड़े बताते हैं कि संपत्ति कर संग्रह में 30.7 फीसदी की वृद्धि और करदाताओं की संख्या में 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 2132.29 करोड़ रुपये का संपत्ति कर संग्रह हुआ था, जबकि चालू वित्त वर्ष में आधे समय में ही इससे अधिक कर जमा हो चुका है। महापौर ने जनता से अपील करते हुए कहा, यह सुनहरा अवसर है कि बिना किसी दंड और ब्याज के अपने बकाया संपत्ति कर का निपटारा करें और सुनियो योजना का पूरा लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि यह योजना 01 जून से 30 सितंबर तक के लिए लागू थी, लेकिन अब इसे तीन महीने और बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया गया है।

# मुठभेड़ के बाद दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संगठित अपराध नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के कुख्यात गैंग से जुड़े दो अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। इनमें से एक आरोपित गुजरात के बहुचर्चित 100 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में वांछित है और राजस्थान पुलिस ने उस पर 20 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस के अधिकारी के अनुसार स्पेशल सेल की टीम को सूचना मिली थी कि जगदीश और अभिषेक उर्फ गोलू गैंग से जुड़े दो



अपराधी दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।

इस पर दो और तीन अक्टूबर की दरम्यानी रात स्पेशल सेल की टीम ने नजफगढ़-कापसहेड़ा लिंक रोड पर घेराबंदी कर जाल बिछाया। तड़के दोनों आरोपित बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जिसपर पीछे बैठे अपराधी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें वह बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके बाद दोनों को मौके पर दबोच लिया गया।

घायल आरोपित को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान आकाश राजपूत और महिपाल मीना के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार आकाश राजपूत श्रीगंगानगर (राजस्थान) का रहने वाला है और उस पर कई मामले दर्ज हैं। इसमें 2022 में करनाल के मीना हॉस्पिटल में फायरिंग, 2019 में श्रीगंगानगर में हत्या के प्रयास का मामला और पंजाब के फाजिल्का में आर्म्स एक्ट का मामला शामिल है।

## नोट छापने से पहले करें दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान: हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिव्यांगजनों को करेंसी नोटों की पहचान करने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक को नए नोट जारी करने या छापने से पहले इन चुनौतियों का समाधान करने का निर्देश दिया। न्यायालय द्वारा नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति और आरबीआई की रिपोर्टों की जाँच के बाद, मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए डिजिटल पहुँच से संबंधित समस्याओं और चिंताओं का काफी हद तक समाधान कर लिया गया है।

# भारद्वाज ने दवाओं की कमी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को सरकार पर दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह कदम गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के इलाज को मुश्किल बना देगा।

सौरभ भारद्वाज ने आज एक पत्रकार वार्ता में दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पताल इस सरकार में खुद बीमार हो चुके हैं। ऐसे में निजी हाथों में अस्पताल जाने से स्वास्थ्य सेवाएं महंगी हो जाएंगी। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने




कहा कि दिल्ली सरकार के करीब 8 महीने हो गए हैं और जो हालात इस समय सरकारी अस्पतालों के हैं, कभी नहीं थे। एक समय था जब अरविंद केजरीवाल ने सभी दवाइयां और टेस्ट मुफ्त किए थे और जब आआपा की सरकार थी तब सरकारी अस्पताल में कोई एमआरआई, सीटी स्कैन या सर्जरी नहीं हो पा रही है तो निजी अस्पतालो में भेजकर मुफ्त सर्जरी कराई जाती थी। उन्होंने कहा कि आज स्थिति इतनी खराब है कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में और केंद्र के राममनोहर लोहिया अस्पताल में दवाई, टेस्ट, सर्जरी उपलब्ध नहीं है। क्योंकि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण करने जा रही है। भारद्वाज ने कहा कि दवाइयों से लेकर सर्जिकल


> दिल्ली सरकार के करीब 8 महीने हो गए हैं और जो हालात इस समय सरकारी अस्पतालों के हैं, कभी नहीं थे।

उपकरण और ग्लव्स तक की भारी कमी है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि जानबूझकर सरकारी अस्पतालों को बर्बाद कर निजीकरण अस्पतालों और स्वास्थ्य माफियाओं को फायदा पहुंचा रहें हैं। इस अवसर पर बुराड़ी से आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक संजीव झा और प्रदेश महासचिव आदिल अहमद खान भी उपस्थित रहे।

# एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र' की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र' की स्पेशल स्क्रीनिंग का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पर्यटन सचिव एवं डीटीटीडीसी की प्रबंध निदेशक निहारिका राय और नेटफ्लिक्स की पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर महिमा कौल भी इस स्क्रीनिंग कार्यक्रम में मौजूद रहीं। 'कुरुक्षेत्र' ओटीटी प्लेटफार्म 'नेटफ्लिक्स' पर रिलीज होने जा रही है। देश की ऐतिहासिक विरासत पर आधारित 'कुरुक्षेत्र' एनिमेटेड सीरीज के प्रचार प्रसार में दिल्ली सरकार का पर्यटन विभाग



भी अहम रोल अदा कर रहा है। स्क्रीनिंग में दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स के छात्र-छात्राओं सहित दिल्ली सचिवालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री कपिल मिश्रा ने 'कुरुक्षेत्र' एनिमेटेड सीरीज की सराहना करते हुए कहा, 'यह सीरीज गीता, कुरुक्षेत्र और महाभारत जैसे आस्था और इतिहास से जुड़े गहन विषयों के साथ पूर्ण न्याय करती है। उन्होंने कहा कि इस एनिमेटेड सीरीज में विषय को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने नेटफ्लिक्स और दिल्ली पर्यटन विभाग की पूरी टीम को इस सार्थक प्रयास के लिए बधाई दी।

मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सूत्रवाक्य 'विकास भी, विरासत भी' इस दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है। दिल्ली सरकार आगे आने वाले वर्षों में दिल्ली को एवीसीजी का कोर सेक्टर बनाकर 'ग्लोबल कॉन्टेंट हब' के रूप में विकसित करेगी। उन्होंने विशेष जोर देते हुए सभी कॉन्टेंट राइटर्स, फिल्म निमार्ताओं और क्रिएटर्स से आह्वान किया कि वे ऐसा कंटेंट लेकर आएं जो राष्ट्र निर्माण में सहायक हो ताकि भारत की गौरवशाली कहानियों को दुनिया तक पहुंचाया जा सके। इस मौके पर नेटफ्लिक्स इंडिया की पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर महिमा कौल ने कहा कि 'कुरुक्षेत्र' नेटफ्लिक्स की पहली पौराणिक एनिमेटेड श्रृंखला है जिसे विभिन्न पीढ़ियों को एक साथ जोड़ने के लिए बनाया गया है। यह उन लोगों के लिए भी प्रासंगिक है जो दूरदर्शन पर महाभारत देखते हुए बड़े हुए हैं और हमारी कोशिश है कि इसे नूतन और नवाचारी शैली में युवा दर्शकों के साथ साझा किया जाए। सरकार के 'मेक इन इंडिया, फॉर द वर्ल्ड' विजन के अनुरूप, हमारा उद्देश्य ऐसी कहानियां प्रस्तुत करना है जो भारत की संस्कृति में गहराई से जुडी हों और 'कुरुक्षेत्र' इसी भावना को प्रतिबिंबित करती है।

# साइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन शातिर गिरफ्तार और 39 साइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बुध विहार थाना पुलिस ने ऐसे दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो साइकलों की चोरी कर बेच देते थे। पुलिस ने चोरी की साइकिल खरीदने वाले एक आरोपित को भी पकड़ा है। इन सभी के पास से पुलिस ने 39 साइकलें बरामद की हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर इनके अन्य साथियों का भी पता लगा रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 30 सितंबर को थाना बुध विहार प्रभारी इंस्पेक्टर करुणा सागर के नेतृत्व में एक टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। गश्त के दौरान टीम ने रोहिणी सेक्टर-23 स्थित छठ पूजा पार्क के पास




दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा।

जिनकी पहचान अनिल उर्फ पिल्लू और राजू उर्फ राजा के रूप में हुई है।

इनसे पूछताछ करने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उनकी तलाशी लेने पर इनके कब्जे से एक कटर बरामद किया गया।

**आगे की पूछताछ के दौरान**

आरोपित ने सुल्तानपुरी में अपने ठिकाने की बात कबूल की और उनकी निशानदेही पर 39 चोरी की साइकिलें बरामद की गईं। निरंतर पूछताछ के दौरान, चोरी की साइकिलों के प्राप्तकर्ता इंतजार का पता चला।

# विकास सरकार की प्राथमिकता, घरौंडा हलका इसी क्रम में बढ़ रहा आगे : हरविन्द्र कल्याण

**शिलान्यास**

**सभी वार्डों में समान रूप से करवाए जा रहे विकास कार्य : महापौर रेनू बाला गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार** प्रिंस

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शुक्रवार को घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव फूसगढ़ में करीब 54 लाख 30 हजार रुपये के दो विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विकास उनकी प्राथमिकता है।



यह कार्य करवाएगा नगर निगम- बता दें कि वार्ड नम्बर 3 के गांव फूसगढ़ में नंदीग्राम की बाउंडरी वॉल का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 25 लाख 42 हजार रुपये की लागत आएगी। यह कार्य लगभग 3 माह में मुकम्मल होगा। इसी प्रकार गांव फूसगढ़ में ही राजकीय प्राथमिक पाठशाला से वाल्मिकी चौपाल को जाने वाली सडक का सीमेंट कंक्रीट से निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 28 लाख 88 हजार की लागत आएगी। यह कार्य लगभग 4 महीने में मुकम्मल होगा। सडक निर्माण के साथ-साथ बरसाती ड्रेन की मरम्मत भी की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा क्षेत्र आगे बढ़े और लोगों को पर्याप्त सुविधाएं मिलें, इस उद्देश्य के साथ कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार का पूरा फोकस विकास पर है और घरौंडा हलके में भी इसी क्रम के साथ विकास कार्य लगातार चल रहे हैं। क्षेत्र की प्राथमिकता के कार्य करवाए जा रहे हैं। समाज की जरूरतों के हिसाब से भी कार्य करवाए जा रहे हैं, ताकि विकास का लाभ हर नागरिक को मिले। उन्होंने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में और विकास कार्य की जरूरत है, तो उसे संज्ञान में लाया जाए, ताकि समय रहते वहां पर भी कार्य करवाए जा सकें।

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। शहर में विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ता चले, इसे लेकर जन प्रतिनिधि और अधिकारी एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं।

सभी कार्य पारदर्शी व गुणवत्ता युक्त करवाए जा रहे हैं, ताकि शहरवासी सालों-साल उनका लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि गौशाला व नंदीग्राम में अच्छी व्यवस्थाएं बनी रहें, इसका लगातार ध्यान रखा जा रहा है। इसी कड़ी में नंदीग्राम की चारदीवारी करवाई जा रही है, ताकि नंदियों की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने सडक का निर्माण कार्य शुरू होने पर भी गांव वासियों को बधाई दी और कहा कि कार्यों की निगरानी करते रहें। उन्होंने बताया कि जिन कार्यों का शिलान्यास किया गया है, उनका पूरा विवरण बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि आमजन को भी जानकारी मिल सके।

इस मौके पर वार्ड 3 के पार्षद परमजीत सिंह (पप्पू लाठर), अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, उप निगमायुक्त अभय सिंह, इंजीनियरिंग विंग के सलाहकार महीपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, कनिष्ठ अभियंता सोहन सिंह, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह के अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष सचिन राणा, ईलम सिंह, निशांत शानू शर्मा, राजेश अरोड़ा, जोगिन्द्र बट्टड्डी, संजय कुमार, सतीश पांचाल, राजेश चौधरी, गुरमेल लाठर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व, 65 फुट ऊंचे रावण का हुआ दहन

**दशहरा पर्व**

**रावण दहन से पहले मेघनाथ का पुतला तेज हवा के कारण गिर गया। एक महिला घायल हो गई।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सेक्टर-4 में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां 65 फुट ऊंचे रावण के पुतले का भगवान श्रीराम के स्वरूप ने दहन किया। इसके साथ ही कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले भी जलाए गए।

रावण दहन से पहले मेघनाथ का पुतला तेज हवा के कारण गिर गया। पुतला गिरने से एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं दशहरा समिति की ओर से पुतले को दहन के लिए फिर से खड़ा करवाया गया, ताकि वर्षों पुरानी परंपरा को पूरा किया जा सके। जिला करनाल के अलावा कस्बा घरौंडा, इंद्री, तरावड़ी, नीलोखेड़ी, निसिंग सहित अन्य क्षेत्रों से भी भव्य झांकियां निकाली गई। ये झांकियां शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रावण दहन स्थल पर पहुंची। इसके बाद रावण दहन किया गया।



श्री रामायण पाठक सभा (रजि) करनाल द्वारा विजयदशमी के पर्व पर रावण वध और राजतिलक का मंचन किया गया। सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने बताया कि आज के प्रमुख राम सेवक (डाक्टर राजन लाम्बा अध्यक्ष सहोदय विद्यालय परिसर) रहे। सभा के मुख्य निर्देशक अनिल गुप्ता और अंकित दाबड़ा ने बताया कि आज रावण वध एवं राजतिलक का मंचन किया गय, जिसमें राम अभिषेक शर्मा, सीता सरल यादव, लक्ष्मण प्रवीण कुमार, हनुमान अतुल बंसल, विभीषण कौशल शर्मा, रावण अंकित दाबड़ा, विशिष्ट कौशल शर्मा, सुग्रीव सुनिल सिंगला, कुम्भकरण प्रवीण दाबड़ा, एवं अन्य कलाकारों ने सभी किरदार बाखूबी निभाएं।मंच संचालक योगेश गोयल, कोषाध्यक्ष मनोज गोयल, महाप्रबंधक रविन्द्र बंसल, विनोद गर्ग, चन्दन गर्ग, जितेन्द्र अरोड़ा, सुमित, अनिल शर्मा, दीपक गुप्ता, चन्दन गर्ग, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।सभा के अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने बताया कि रावण मेघनाथ एवं उनकी सभा के मंत्रीगण युद्ध के बारे में मंत्रणा करने के बाद इस परिणाम पर पहुंचते हैं कि कुंभकरण को निद्रा से जगाया जाए बड़े कठिन परिश्रम के बाद उसे जगाया जाता है कुंभकरण जगाने के बाद के बाद रावण को बहुत बुरा भला कहता है की श्री राम भगवान विष्णु के अवतार हैं और माता सीता साक्षात मां जगदंबा का अवतार हैं आपने माता सीता का हरण करके बहुत गलत कार्य किया है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी केदार दत्त कौशिक ने किया पदभार ग्रहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

जिला बाल कल्याण समिति के नव नियुक्त चेयरमैन केदार दत्त ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित कार्यालय में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, समिति के अन्य नवनियुक्त सदस्यगण तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



पदभार ग्रहण के उपरांत जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष केदार दत्त ने कहा कि बाल कल्याण समिति बालकों के संरक्षण, देखभाल एवं पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे समिति के माध्यम से जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए सतत कार्य करेंगे तथा विशेष रूप से बेसहारा, अनाथ, शोषित व लाचार बच्चों की सहायता हेतु प्रभावी कदम उठाएंगे। समिति के सदस्यों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और जिले में बाल हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

केदार दत्त कौशिक ने आश्वस्त किया कि समिति बाल संरक्षण अधिनियम के तहत अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेगी। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन केदार दत्त द्वारा अधिकारियों के साथ आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा बच्चों के पुनर्वास और देखरेख के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। गौरतलब है कि वरिष्ठ अधिवक्ता केदार दत्त कौशिक विगत 20 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय हैं और उन्होंने गरीब बच्चों की पढ़ाई के उत्थान के साथ-साथ महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और समाज की अन्य भूमिकाओं में सराहनीय योगदान भी दिया है।

# बीवीजी इंडिया ने दाखिल किया डीआरएचपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा**

देश की सबसे बड़ी एकीकृत सुविधा प्रबंधन (आईएफएम) सेवा प्रदाता पुणे स्थित बीवीजी इंडिया लिमिटेड ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस निर्गम में 300 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2.85 करोड़ इक्विटी शेयरों का बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 250 करोड़ रुपये उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए निर्धारित किए गए हैं, जबकि शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाएगी।

# जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं उपकरण किए वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला के जरूरतमंद दिव्यांगजनों को रेड क्रॉस भवन में कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरित किए गये।



कुलबीर मलिक ने बताया कि पंजीकृत दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वॉकर, बैसाखी इत्यादि उपकरण प्रदान किए गए, ताकि दिव्यांग भाई-बहन अपनी दिनचर्या के कार्यों को बिना किसी रुकावट-कठिनाइयों के पूरा कर सकें। उन्होंने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस जिला शाखा करनाल मानव कल्याण के कार्यो में अग्रणी ऑर्गेनाईजेशन के रूप में हमेशा जरूरतमन्द के साथ खड़ी है। चाहे वह दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने हों या किसी आपदा के समय रक्तदान की कमी को पूरा करने का कार्य हो, पूरी निष्ठा के साथ पूरा करने का कार्य करती है।

## न्यूज फ्लैश

### अमित शाह ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से किया नागरिक अस्पताल सोनीपत मे मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक का शिलान्यास

**सोनीपत, 03 अक्टूबर।** सोनीपत विधायक निखिल मदान ने कहा कि भाजपा की तीसरी बार की सरकार प्रदेशवासियों की सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनको पूरा करती है।



भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है कि प्रदेशवासियों को किसी भी तरह की कोई समस्या न आए। सोनीपत के नागरिक अस्पताल मे बनने वाला मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक आने वाले समय में जिले के लिए सौगात बन कर उभरेगा। सोनीपत की सभी महिलाओं व नवजात शिशुओं को किसी अन्य अस्पताल के चक्कर नही काटने पड़ेंगे।

138.12 करोड़ की लागत से बनने वाले मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक का शिलान्यास शुक्रवार को देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह ने रोहतक से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया। सोनीपत के लघु सचिवालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करी। सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री श्री अमित शाह का संबोधन भी सुना गया।

विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने और मृत्यु दर को संख्यात्मक रूप से बड़ी संख्या में कम करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे है। सोनीपत के नागरिक अस्पताल में बनने वाले मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक से आने वाले समय में महिलाओं व नवजात शिशुओं को किसी अन्य अस्पताल में रेफर करने की जरूरत नही पड़ेगी। नागरिक अस्पताल सोनीपत में ही आधुनिक तरीके से इलाज संभव हो सकेगा। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि 138.12 करोड़ की लागत से बनने वाले मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक में 100 बैड की उपलब्धता होगी। अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं होगी जैसे नवजात गहन चिकित्सा कक्ष, प्रसूति आईसीयू, प्रसूति कक्ष, प्रसव रिकवरी कक्ष, जच्चा-बच्चा वार्ड, बच्चों की नर्सरी, डीआईपीएचएल प्रयोगशाला और तीन ऑपरेशन थिएटर इत्यादि उपलब्ध होगी। इसमें भूमिगत समेत 8 तल की विशाल भवन का पांच लिफ्ट के साथ प्रावधान है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण (भवन एवं सड़के) विभाग, हरियाणा इस कार्य के लिए कार्यकारी एजेंसी है। अस्पताल के अक्टूबर 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है।

### नेटफ्लिक्स ने कुरुक्षेत्र का ट्रेलर जारी किया

**गुरुग्राम।** नेटफ्लिक्स की भव्य एनिमेटेड सीरीज, कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरीज में महाभारत की अमर कहानी 18 योद्धाओं की दृष्टि से दिखाई गई है, जो नैतिक द्वंद, निर्णयों की कशमकश और नियमित चक्र में फंसे हैं, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी। यह महाकाव्य भगवान कृष्ण के इन शब्दों पर आधारित है कि, इस युद्ध में ना कोई मित्र है, ना कोई शत्रु । 10 अक्टूबर को पहला सीजन शुरू होने जा रहा है। कुरुक्षेत्र भारत के सबसे महान धर्मयुद्ध की कहानी है, जो परिवार को परिवार के खिलाफ खड़ा कर देता है। यह सीरीज आंतरिक संघर्षों, व्यक्तिगत टकराव और इस युद्ध की भारी कीमत को दिखाती है। अर्जुन की पीड़ादायक कशमकश से लेकर न्याय के लिए द्रौपदी की शपथ, सत्ता के पीछे दुर्योधन के जुनून से लेकर भीष्म पितामह के बौद्धिक ज्ञान तक, इस एनिमेटेड सीरीज में विभिन्न पीढ़ियों की भावनाओं और दुविधाओं को दिखाया गया है, जो सभी दर्शकों को पसंद आएगी।

# नामदेव जयंती पर मुख्यमंत्री आवास पर होगा भव्य आयोजन : सतबीर वर्मा



**सोनीपत, 3 अक्टूबर।** संत नामदेव सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने बताया कि 26 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास 'संत कबीर कुटीर' में संत नामदेव जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समारोह के लिए निमंत्रण देने के उद्देश्य से सतबीर वर्मा ने सोनीपत, गोहाणा,पानीपत और जींद का दौरा किया, जहां उनके साथ कृष्ण रोहिल्ला और मुकेश रोहिल्ला समेत समाज के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सतबीर वर्मा ने बताया कि यह समारोह सुबह 10 बजे गुरु गुणगान के साथ शुरू होगा। इसके बाद, समाज के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विचारों पर एक महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के सदस्य अपने विचार साझा करेंगे। इस मौके पर प्रदेश भर से नामदेव समाज के लोग एकत्रित होंगे। उन्होंने समाज के लोगों से अपील कि वे अधिक से अधिक संख्या में संत नामदेव जी के जयंती समारोह में पहुंचने का काम करें।

फोटो :ामदेव जयन्ती समारोह के लिए समाज के लोगो को निमंत्रण देते पूर्व चैयरमैन सतबीर वर्मा

# मंडियों में धान खरीद पर बवाल, कांग्रेस-इनेलो का हंगामा

**नारेबाजी**

**जिले की नई अनाज मंडी में धान खरीद को लेकर शुक्रवार को माहौल गरमा गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की नई अनाज मंडी में धान खरीद को लेकर शुक्रवार को माहौल गरमा गया। विपक्षी दलों ने सरकार पर किसानों के शोषण का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। कांग्रेस ही नहीं, बल्कि इनेलो भी किसानों के समर्थन में मैदान में उतरी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



विपक्ष का आरोप है कि मंडियों में किसानों की धान कई-कई दिनों से बिना खरीदे पड़ी हुई है। न तो समय पर राइस मिल अलॉट की गई है और न ही उठान हो रहा है। ऊपर से मॉश्चर मशीनों की गड़बड़ी और मिलरों से मिलीभगत कर किसानों की धान कम दामों पर खरीदी जा रही है। कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के ग्रामीण जिला प्रधान राजेश वैध सहित दर्जनों नेता नई अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने धान की ढेरियों पर खड़े होकर सरकार के खिलाफ रोष जताया। उन्होंने कहा कि धान की खरीद शुरू हुए कई दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक किसानों की धान का उठान नहीं हुआ। किसानों को मॉश्चर के नाम पर लूटा जा रहा है और मिल तक अलॉट नहीं किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जब देखा कि विपक्ष की भूमिका निभाने में देरी हो रही है तो कांग्रेस ने तय किया कि किसानों की आवाज बनकर मंडियों में पहुंचना होगा। यह किसान विरोधी सरकार है। हर साल मंडियों में किसानों को ऐसे ही हालात झेलने पड़ते हैं। किसान आंदोलन हो चुके हैं, कई किसान अपनी जान भी गंवा चुके हैं, लेकिन बीजेपी किसान हितैषी नहीं है। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मंडियों में किसानों के साथ खड़ी है और वरिष्ठ नेताओं को भी किसानों के बीच आना चाहिए।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश वैध ने कहा कि चुनावों के समय सरकार किसानों से बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही मुकर जाती है। आज मंडियों में किसानों को तंग किया जा रहा है। हाल ही में किसानों को बाढ़ का सामना करना पड़ा, लेकिन सरकार ने कोई ठोस मदद नहीं दी। ऊपर से धान का सरकारी रेट पर उठान न होना किसानों की परेशानी को और बढ़ा रहा है। अगर सरकार ने जल्द धान की खरीद और उठान सुनिश्चित नहीं किया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

करनाल मंडी में कांग्रेस के साथ-साथ इनेलो भी पहुंची। इनेलो के उपाध्यक्ष यशवीर राणा ने कहा कि आज किसान को एमएसपी का रेट नहीं मिल रहा है। नमी के नाम पर 300 से 400 रुपए तक कटौती की जा रही है। मॉश्चर मशीनों में गड़बड़ी है, जिससे किसानों को और नुकसान झेलना पड़ रहा है।

# बिना पुनर्वास गरीबों को उजाड़ना अन्याय है, प्रशासन को सुननी होगी बागड़ी लोहारों की आवाज

**सोनीपत, 3 अक्टूबर**

आज सैकड़ों की संख्या में बागड़ी लोहार समाज के लोग सोनीपत नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। यह ज्ञापन आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम के नेतृत्व में सौंपा गया। बताया गया कि आज प्रदर्शनकारी नगर निगम कमिश्नर से मिलने निगम के दफ्तर पहुँचे थे लेकिन वहाँ पहुँचने पर उनको सुचना मिली की आज हाउस मीटिंग सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित की गई थी तो आयुक्त , मेयर, विधायक, पार्षद सभी वहीं मिलेंगे। तो सभी पीड़ित लोगों का जत्था वहीं पहुँच गया। कम्युनिटी सेंटर के मुख्य गेट और प्रवेश द्वार पर सैकड़ों की संख्या में लोग शांतिपूर्वक बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार या प्रशासन के खिलाफ कोई अपशब्द या विरोधी नारे नहीं लगाए बल्कि पूरी तरह सांकेतिक और शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। वहाँ सरकार के पक्ष में नारेबाजी भी हुई और यह संदेश दिया गया कि गरीब केवल अपने हक की मांग कर रहे हैं, कोई टकराव नहीं चाहते।



बागड़ी लोहार समाज के लोगों ने एक मत में स्पष्ट किया और कहा कि 1. उनका उक्त जमीन पर कोई अवैध कब्जा नहीं है।
2. वे अपनी मर्जी से वहां से उठ जाने को तैयार हैं।
3. लेकिन उस से पहले प्रशासन रिहैबिलिटेशन एक्ट 2013 के प्रावधानों के अनुसार पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

"आप" नेता देवेन्द्र गौतम ने कहा कि सड़क किनारे रहना इन परिवारों की मजबूरी है, कोई शौक नहीं। क्या कोई अपने बच्चों का जीवन रिस्क में डालकर सड़क किनारे रहना चाहेगा? प्रशासन को समझना चाहिए कि यह लोग मजबूरी में वहां हैं, कब्जेदारी के इरादे से नहीं। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि झ ये लोग कोई बांग्लादेशी, पाकिस्तानी या आतंकवादी नहीं हैं। सभी के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड और पहचान पत्र हैं। ये 20झ25 वर्षों से सोनीपत के वासी हैं। फिर भी प्रशासन द्वारा इनके साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है। देवेन्द्र गौतम ने कहा झ बागड़ी लोहारो की मांग बिल्कुल स्पष्ट है झ ये सभी वहाँ से उठने को तैयार हैं, लेकिन पहले पुनर्वास होना चाहिए। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते, हम चाहते हैं कि प्रशासन हमारी बात को सकारात्मक तरीके से सुने और उस पर विचार करे।

इस दौरान योगेश पाल, शेर मुहम्मद, विकास, आमीन, मंगेराम, उर्मिला, श्याम, दलवा, चरण, सविता, जगार, सुनीता, मन्तर, गीता, सुशील, कमिनी, सुरेन्द्र, सीता, मनोज, सुमन, प्रेम, नीना, पप्पू उर्फ बागड़ी, ओमवती, सुरेश, शीला, बलराम, कविता, रणबीर, बॉबी, महेन्द्र, राखी, रोहताश, अनिता, अजय, हिना, जीत, शीतल, जशन उर्फ कमलेश, रविन्द्र, शकुन, सुनील, अनिता, योगेश, ममता, सत्ते उर्फ सुनीता, दीपक, गायत्री, सुनील, अनिता, लालू, काजल, सुरेश, आरती, महेन्द्र, सुमन, धर्मवीर, सुमा, चमन, नसीं, रमेश, सीना, मनोज, वन्दना, जसबीर, नीलम, पत्ता, अनीता, रमवीर, रचना, रोहित, साकु, विजय, मुम्मी, कांसे, नन्दनी, प्रेम, प्रेमलता, तेजपाल, बिमला, बलबीर, गुलशन, सुरेश, यशोदा, सन्तोष, कविता, ओमप्रकाश, काजल, संजय, सपना, आनन्द, संगीता, शीतल, बिन्दु, मनोज, ज्योति, राहुल, अंकिता, संगीता, शीतल, बब्लूआदि मौजूद रहे।

# बुलेट की टक्कर से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बुलेट की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। युवक बर्गर शॉप के पास बच्चों के लिए बर्गर ले रहा था, तभी तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मारी। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



22 वर्षीय मृतक अजीत नीलोखेड़ी का रहने वाला था और पेंट का काम करता था। वह तीन बेटियों का पिता था। खास बात यह है कि उसकी सबसे छोटी बेटी का जन्म महज छह दिन पहले ही हुआ था। परिवार में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने सब कुछ बदल दिया। मृतक की साली अंजली ने बताया कि शाम अजीत अपनी बेटियों के लिए बर्गर लेने बाहर आया था। बर्गर रेहड़ी के पास खड़ा ही था कि अचानक तेज रफ्तार बुलेट बाइक आई और सीधे उसे टक्कर मार दी। अंजली ने आरोप लगाया कि बाइक सवारों ने जान-बूझकर टक्कर मारी और घसीटते हुए ले गए। हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। घायल अवस्था में अजीत को पहले नीलोखेड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे करनाल के सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान रात को उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## संपादकीय

# हैवानियत :दो जून की रोटी के एवज में जिस्म का सौदा!

**इंसान** सबसे बड़ा हैवान है शायद जंगल के कानून भी इंसान के व्यवहार को देख कर जानवरों ने सीखा हो क्यों कि जानवर भूख शांत करने के लिए हिंसा कर सकता है लेकिन इंसान किसी की भूख शांत करने की एवज में किसी का यौन शोषण कर सकते हैं यह घिनौना हैवानियत इंसान और इंसानियत के नाम पर बेहद हैवानियत भरा बर्बरता भरा अत्याचार है, गाजा इस हैवानियत से जूझ रहा है यह दुनिया का वह हिस्सा जो अपनी बबार्दी की कहानी खुद ब खुद अब बयां करने लगा है. पिछले दो सालों से यहां जारी युद्ध ने इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है. यूं तो यहां से कई कहानियां दो सालों से लगातार सामने आ रही हैं लेकिन जो जानकारी अब आई है, उसके बाद तो एक पल को इंसानियत पर से भी भरोसा उठ सकता है. गाजा में भूख, पैसे और पानी से लेकर हर जरूरी चीज का संकट है और इसका फायदा स्थानीय पुरुष और एड वर्कर्स कैसे उठा रहे हैं. इसकी कहानी खुद यहां की महिलाओं ने बयान की है. गाजा में इस समय गंभीर मानवाधिकार संकट है. यहां की महिलाओं ने बताया है कि कैसे खाना, पानी, पैसे और यहां तक कि हर बुनियादी चीज का संकट बढ़ता ही जा रहा है. इस संकट के बीच ही यहां पर महिलाओं का यौन शोषण यहां के स्थानीय पुरुष और कुछ एड वर्कर्स कर रहे हैं. इन महिलाओं को दो वक्त की रोटी और पीने के पानी का लालच देकर उन पर यौन संबंधों का दबाव डाला जा रहा है. उन्हें अभद्र मैसेज किए जा रहे हैं और उन्हें देर रात तक उन्हें परेशान किया जा रहा है.एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हर महिला ने अपने परिवारों या पुरुषों के डर से और यौन उत्पीड़न को एक टैबू माने जाने की वजह से अपना नाम न बताने की शर्त पर अपनी कहानी बयां की है. इन महिलाओं ने बताया कि कभी-कभी तो पुरुष उनके पास आते और साफ-साफ दो टूक शब्दों में कहते, ' मैं तुम्हें छूना चाहता हूं, मुझे ऐसा करने दो.' कभी-कभी यह सबकुछ शादी के नाम पर होता था. उनसे कहा जाता, 'मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं' या 'चलो कहीं साथ चलते हैं.'। जानकारों के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब ऐसी खबरें सामने आई हैं. अक्सर संघर्षों के काल में इस तरह की खबरें सामने आई हैं. गाजा से पहले दक्षिण सूडान, बुर्किना फासो, कांगो, चाड और हैती में आपात स्थितियों के दौरान दुर्व्यवहार और शोषण की खबरें सामने आई थीं. विशेषज्ञों की मानें तो जब लोग विस्थापित होते हैं और मदद पर निर्भर होते हैं तो महिलाओं को सबसे विकट स्थिति से गुजरना पड़ता है. ह्यूमन राइट्स वॉच में वीमेन राइट्स डिविजन की एसोसिएट डायरेक्टर हीथर बर्र ने कहा, 'यह एक खतरनाक सच्चाई है कि मानवीय संकट लोगों को कई तरह से कमजोर बना देते हैं, यौन हिंसा में इजाफा अक्सर इसका परिणाम होती है.'


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303


**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# भारतीय विज्ञान में महिलाओं की अधूरी यात्रा

डॉ प्रियंका सौरभ

> "भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की मौजूदगी ने पिछले कुछ दशकों में नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर मिसाइल विकास तक उनकी भूमिका आज किसी से छिपी नहीं है। लेकिन यह यात्रा अभी भी अधूरी है क्योंकि तथाकथित ह्यलीकी पाइपलाइनह्ल यानी शिक्षा और कॅरियर के अलग-अलग चरणों पर महिलाओं का बाहर हो जाना, उन्हें नेतृत्व की सीट तक पहुँचने से रोकता है। यह समस्या केवल व्यक्तिगत आकांक्षाओं की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नवाचार और उत्कृष्टता की है। सवाल यही है कि भारत कब इस रिसाव को रोकेगा और कब महिलाएँ बराबरी से विज्ञान की बागडोर थामेंगी।"

**भारत** ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरिक्ष कार्यक्रम, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान आज विश्व स्तर पर बनी है। इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिकता भर नहीं रही बल्कि ठोस और प्रभावी साबित हुई है। डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें मिसाइल महिला कहा जाता है, या चंद्रयान-3 मिशन की महिला वैज्ञानिकों कल्पना कलहस्ती और ऋतु करिधल का योगदान इसका जीवंत उदाहरण है। यह स्पष्ट करता है कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अब केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, वे वास्तविक परिवर्तन की धुरी बन चुकी हैं। फिर भी तस्वीर का दूसरा पहलू चिंता पैदा करता है। भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की संख्या बड़ी है, परंतु शोध और नेतृत्व के पदों तक पहुँचते पहुँचते यह संख्या लगातार घटती जाती है। इस प्रवृत्ति को ही ह्यलीकी पाइपलाइनह्ल कहा जाता है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि स्नातक स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगभग तैंतालीस प्रतिशत है। यह आँकड़ा किसी भी देश के लिए गौरवपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब यही लड़कियाँ आगे शोध और अनुसंधान के मार्ग पर बढ़ती हैं तो मात्र चौदह प्रतिशत ही इस क्षेत्र में टिक पाती हैं। यही नहीं, उच्च शिक्षा संस्थानों में महिला संकाय की संख्या लगभग पंद्रह प्रतिशत तक सीमित है। देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएससी या सीएसआईआर अब तक किसी महिला के नेतृत्व में नहीं रहे। वैज्ञानिक पुरस्कारों और मान्यताओं की दुनिया में भी असमानता साफ दिखती है। वर्ष 2023 तक दिए गए छह सौ से अधिक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों में केवल सोलह ही महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि प्रारंभिक स्तर पर भले ही महिलाएँ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समान उत्साह



के साथ प्रवेश करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे ज़िम्मेदारियाँ और दबाव बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या कम होती जाती है। यही वह रिसाव है जो राष्ट्रीय उत्कृष्टता को कमजोर करता है। इस रिसाव की कई परतें हैं। मातृत्व और परिवार की ज़िम्मेदारियाँ महिलाओं के कॅरियर को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। लंबे कार्य घंटे, उच्च दबाव वाले प्रोजेक्ट और लचीले विकल्पों की कमी के कारण बहुत सी प्रतिभाशाली महिलाएँ बीच रास्ते से बाहर हो जाती हैं। संस्थागत ढाँचे में भी पुरुष वर्चस्व कायम है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पदोन्नति और नेतृत्व पदों पर जाने का मार्ग महिलाओं के लिए कठिन है। अनौपचारिक नेटवर्क, सामाजिक पूर्वाग्रह और लैंगिक धारणाएँ इस कठिनाई को और गहरा करती हैं। वित्तपोषण और मान्यता का संकट भी कम नहीं है। शोध अनुदान में महिलाओं को कम प्राथमिकता दी जाती है। यह उनकी परियोजनाओं की दिशा और नवाचार की संभावनाओं को सीमित करता है। सामाजिक दृष्टिकोण भी विज्ञान को पुरुष प्रधान क्षेत्र मानता है, जिससे परिवार और समाज अक्सर लड़कियों को इस ओर बढ़ने से हतोत्साहित करते हैं। यदि कोई महिला कॅरियर ब्रेक ले भी ले तो पुनः-प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की महिला वैज्ञानिक योजना अवश्य मौजूद है, परंतु उसकी पहुँच अभी बहुत सीमित है। यह समस्या केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियों की बाधा नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य से भी गहराई से जुड़ी है। जब भारत विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प ले रहा है, तब वैज्ञानिक नवाचार और शोध में आधी आबादी की भागीदारी को नजरअंदाज करना आत्मघाती साबित हो सकता है। विश्व बैंक का अनुमान है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को सात सौ अरब डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि मिल सकती है। यदि महिलाएँ बराबरी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान करेंगी तो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा स्वतः बढ़ेगी। इसके साथ ही यह भारत की वैश्विक छवि का भी सवाल है। लैंगिक समानता की दिशा में ठोस कदम भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और नेतृत्व की आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर जब भारतीय महिला वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलती हैं तो वह भारत की विश्वसनीयता का प्रतीक बन जाता है। इससे भी आगे, यह आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षा का प्रश्न है। अगर आज हम विज्ञान में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हैं, तो कल हमारी बेटियाँ आत्मविश्वास से भरी होंगी और विज्ञान को अपनी पसंद का क्षेत्र मानेंगी। सरकार ने कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की किरण योजना, महिला वैज्ञानिक योजना, एसईआरबी पॉवर फेलोशिप जैसी पहलें युवा महिला शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। इसरो और डीआरडीओ ने लचीले कार्य समय, विस्तारित मातृत्व अवकाश और घर से काम करने जैसे विकल्प लागू किए हैं। कई संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता समितियाँ भी गठित की गई हैं। लेकिन यह सब अभी भी अपर्याप्त है। आवश्यकता है कि इन योजनाओं की पहुँच को बढ़ाया जाए और उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाए। आगे की राह यह है कि अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रतिनिधित्व की सीमा तय की जाए। महिला नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए विशेष वित्तपोषण सुनिश्चित हो। कॅरियर ब्रेक के बाद पुनः-प्रवेश को आसान बनाया जाए और अधिक संख्या में पुनः-प्रवेश फेलोशिप दी जाए। वरिष्ठ महिला वैज्ञानिकों और नई शोधार्थिनियों के बीच मार्गदर्शन का सेतु तैयार किया जाए। सबसे बढ़कर, समाज की मानसिकता बदली जाए।

परिवार और समाज को यह स्वीकार करना होगा कि विज्ञान पुरुषों का नहीं, बल्कि सभी का क्षेत्र है। भारतीय विज्ञान में महिलाओं की यात्रा प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे बढ़ चुकी है, लेकिन नेतृत्व तक पहुँचने में अब भी कई बाधाएँ मौजूद हैं। यह बाधाएँ केवल व्यक्तिगत हानि नहीं बल्कि राष्ट्रीय हानि भी हैं। अगर भारत को ज्ञान शक्ति बनना है, तो इस रिसाव को रोकना ही होगा। वास्तविक नवाचार और उत्कृष्टता तभी संभव है जब प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पुरुष और महिलाएँ बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। यह केवल समान अवसर का सवाल नहीं है, बल्कि भारत के वैज्ञानिक भविष्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का भी प्रश्न है

# गैर-संक्रमणीय रोगों का केंद्र भारत

**विजय गर्ग**

**वे** भारत में सभी मौतों का लगभग 63% हिस्सा हैं, लेकिन अकेले यह संख्या वास्तविक संकट को पकड़ नहीं सकती। जो वास्तव में मायने रखता है वह 30 से 70 वर्ष की आयु के बीच होने वाली इन मौतों का हिस्सा है - जिसे डब्ल्यूएचओ प्रारंभिक मृत्यु मानता है। भारत में, एनसीडी सबसे उत्पादक वर्षों के दौरान जीवन को कम कर रहे हैं, जब लोगों की उनकी परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्था द्वारा सबसे अधिक आवश्यकता होती है। यही वह जगह है जहां ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिएः एनसीडी से प्रारंभिक मृत्यु को कम करना। वैश्विक स्तर पर, देशों ने 2030 तक एनसीडी मृत्यु दर को एक तिहाई कम करने के लिए सतत विकास लक्ष्य 3.4 के तहत प्रतिबद्ध किया है। वर्तमान में, भारत में एनसीडी मौतों का लगभग 25-26% 30 से 70 आयु वर्ग के बीच होता है। तुलना के लिए, यह आंकड़ा ब्राजील में लगभग 23% है, जबकि नॉर्डिक देशों या संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विकसित राष्ट्रों में यह 10% से 15% तक करीब है। ये आंकड़े इस बात पर जोर देते हैं कि भारत की तुलना वैश्विक औसत से क्यों नहीं हो सकती। चुनौती केवल यह नहीं है कि कितने लोग एनसीडी से मरते हैं, बल्कि जब वे मर जाते हैं। प्रारंभिक मृत्यु को रोकना सार्वजनिक स्वास्थ्य की वास्तविक प्राथमिकता है क्योंकि कोई भी परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था अपने चरम पर लोगों को खोने का खर्च नहीं उठा सकती।

**स्थिति कितनी गंभीर है?**

भारत में युवा वयस्कों के बीच एनसीडी की चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है - एक प्रवृत्ति जो नियमित रोकथाम जांच और प्रारंभिक स्वास्थ्य प्रचार को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। एनसीडी के बीच, हृदय रोग और मधुमेह सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से मधुमेह जीवन में पहले ही दिखाई दे रहा है, भारत में अनुमानित 8-10 लाख बच्चे टाइप 1 मधुमेह के साथ रहते हैं।

जबकि पूर्ण संख्याएं अभी भी छोटी हैं, तरक्की का रुझान स्पष्ट है और यह एक लाल झंडा है जिसे हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। वास्तविक चिंता यह है कि केवल एक दशक में एनसीडी का बोझ कितना तेजी से बढ़ गया है। हस्तक्षेप को जीवन भर जल्दी शुरू किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए वयस्क होने तक इंतजार नहीं करना चाहिए। यह गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरों से शुरू होना चाहिए तथा जीवन भर जारी रहना चाहिए। भारत को अब तीन गुना बोझ का सामना करना पड़ रहा हैः कुपोषण, कई सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और अधिक वजन और मोटापे की बढ़ती दर।

चिंताजनक बात यह है कि मोटापा पहले से ही एक प्रमुख पोषण संबंधी समस्या के रूप में कम वजन को पार कर चुका है। यदि भारत स्वास्थ्य प्रवर्धन, रोकथाम और समय पर प्रबंधन के माध्यम से दृढ़तापूर्वक कार्य नहीं करता है; तो ये मामले बढ़ते रहेंगे। आगे का रास्ता प्रारंभिक पता लगाने, मजबूत स्वास्थ्य साक्षरता और स्वस्थ वातावरण में है ताकि भारत के युवा लोग एनसीडी के जीवन भर के बोझ से सुरक्षित होकर बड़े हो सकें।

## विचार

# धरती पर हर प्राणी का अधिकारः संवेदनशीलता का पर्व

**प्रो. आरके जैन**

**धरती** की हर धड़कन में एक अनकही पुकार गूँजती है—उन जीवों की, जो बिना शब्दों के अपनी पीड़ा बयां करते हैं। उनकी मौन आँखों में छिपा दर्द सुनाई तो नहीं देता, मगर उनका जीने का अधिकार उतना ही सच्चा है, जितनी हमारी साँसें। हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस के रूप में यह पुकार हमें झकझोरती है। यह महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक ज़िम्मेदारी है—सभी प्राणियों के प्रति करुणा, सम्मान और संरक्षण का संकल्प। यह वह क्षण है, जब हमें ठहरकर पूछना होगाः क्या हम सचमुच ऐसी दुनिया बना रहे हैं, जहाँ हर जीव का जीवन उतना ही अनमोल हो, जितना हमारा? विश्व पशु कल्याण दिवस की नींव संत फ्रांसिस ऑफ अस्सीसी के प्रेम और प्रकृति के प्रति समर्पण से पड़ी, जिन्होंने हर जीव को ईश्वर का अंश माना। 1931 में इटली से शुरू हुआ यह आंदोलन आज वैश्विक मंच पर पशु अधिकारों और उनके कल्याण की मजबूत आवाज बन चुका है। लेकिन चुनौतियाँ अब भी बरकरार हैं। जंगल सिकुड़ रहे हैं, प्रजातियाँ खामोशी से विलुप्त हो रही हैं, और पशु क्रूरता की घटनाएँ हमारे समाज पर दाग की तरह हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 2022 की रिपोर्ट चीख-चीखकर बताती है कि 1970 से अब तक वन्यजीवों की आबादी में 69% की गिरावट आई है। क्या हमारी तरक्की की कीमत इन बेजुबान जीवों की ज़िंदगी होनी चाहिए? पशु कल्याण केवल भावनाओं का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय जरूरत भी है। शोध साबित करते हैं कि चिंपैंजी, ऑक्टोपस, यहाँ तक कि कौवे भी गहरी बुद्धिमत्ता और भावनात्मक संवेदनशीलता रखते हैं। कौवे उपकरण बनाकर समस्याएँ सुलझाते हैं, तो हाथी अपने साथियों के लिए शोक मनाते हैं। डॉलफि न आपसी सहयोग से खतरों का सामना करती हैं। ये तथ्य हमें बताते हैं कि पशु न सिर्फ.जीवित प्राणी हैं, बल्कि संवेदनाओं और सामाजिक बुद्धि से परिपूर्ण हैं। उनकी भावनाओं को अनदेखा करना, हमारी अपनी मानवता को कमजोर करना है। पशुओं का शोषण एक ऐसी सच्चाई है, जो हमारे समाज पर गहरा दाग छोड़ता है—चाहे वह अवैध शिकार की क्रूरता हो, सर्कस में बेजुबानों के साथ अत्याचार हो, या प्रयोगशालाओं में अनैतिक परीक्षणों का दर्द। विश्व पशु संरक्षण संगठन की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि हर साल 70 अरब से अधिक जानवर मांस, डेयरी और अंडे के लिए मारे जाते हैं, जिनमें से अधिकांश को अमानवीय, हृदयविदारक परिस्थितियों में रखा जाता है। भारत जैसे देश में, जहाँ गाय को माँ का दर्जा दिया जाता है, वहाँ भी सड़कों पर आवारा पशुओं की दुर्दशा और उनकी अवैध तस्करी एक कड़वा सच है। पेटा इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, हर साल लाखों पशु मांस और चमड़े के लिए गैर-कानूनी तस्करी का शिकार होते हैं। यह सवाल उठाता है—क्या हमारी परंपराएँ और आधुनिकता की दौड़ में पशु कल्याण कहीं भटक गया है?

पशु कल्याण केवल नैतिकता का विषय नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य का आधार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 60% से अधिक संक्रामक रोग पशुओं से मनुष्यों में फैलते हैं। जैसे जूनोटिक रोग हमें चेतावनी देते हैं कि जब हम जंगलों को नष्ट करते हैं, पशुओं के प्राकृतिक आवास छीनते हैं, या उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में कैद करते हैं, तो हम अपनी ही सेहत को दाँव पर लगाते हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की 2020 की रिपोर्ट बताती है कि वनों की कटाई और अवैध वन्यजीव व्यापार ने जूनोटिक रोगों का जोखिम 30% तक बढ़ा दिया है। यह साफ है कि पशु कल्याण और मानव कल्याण एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं—एक की उपेक्षा, दूसरे को खतरे में डालती है।

लेकिन सवाल यह है कि हम बदलाव कैसे लाएँ? विश्व पशु कल्याण दिवस न केवल जागरूकता का, बल्कि ठोस कदमों का आह्वान है। व्यक्तिगत स्तर पर, हम छोटे बदलावों से शुरूआत कर सकते हैं—मांसाहारी भोजन कम करना, जैविक और कल्याणकारी खेती से उत्पादित सामग्री चुनना, और पशु उत्पादों का विवेकपूर्ण उपयोग। सामुदायिक स्तर पर, भारत के ब्लू क्रॉस और वाइल्डलाइफ रडर जैसे संगठनों का समर्थन करें, जो घायल और परित्यक्त पशुओं की देखभाल करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं विपक्ष का चेहरा

**भारत** का लोकतंत्र संविधान की सबसे मनमोहक और गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। यह केवल शासन की प्रणाली ही नहीं है, बल्कि यह स्वतंत्र भारत के हर नागरिक की आवाज, उनके अधिकार, न्याय और समानता का स्वस्थ एवं महान प्रतीक है। लोकतंत्र की असली सुंदरता इसकी प्रजातांत्रिक स्वतंत्रता में है, जहाँ हर व्यक्ति—चाहे वह सांसद हो या आम नागरिक—अपने विचार व्यक्त कर सकता है और सुझाव दे सकता है और किसी भी गलत बात के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद कर सकता है। यही लोकतंत्र की मूल आत्मा है, जो भारतीय लोकतंत्र को जीवंत, सशक्त और गौरव शाली बनाती है।

हालांकि, वर्तमान समय में यह देखा गया है कि मनोनीत विपक्ष और कुछ सांसद लोकतंत्र को कथित तौर पर बड़े खतरे में बता रहे हैं। उनके इस कथन से कभी-कभी मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भ्रम फैलाया जाता है। यह दृश्य समाज में सवाल उठाता है क्या वास्तव में लोकतंत्र संकट में है, यह केवल बहस और आलोचना की प्रक्रिया का हिस्सा है या अपनी नाकामी और निष्क्रियता को पर्दे में रखने के लिए सत्ताधारी दल पर लोकतंत्र के खतरे का आह्वान कर आरोप लगाया जाता है। वास्तविकता यह है कि लोकतंत्र की मजबूती विपक्षी दलों के जिम्मेदार और संवेदनशील दृष्टिकोण में निहित है। संसद और विधानसभा में विपक्ष सरकार की नीतियों की समीक्षा करता है, सवाल उठाता है और सुधार की दिशा सुझाता है। यही लोकतंत्र की जिजीविषा और आलोचना ही लोकतंत्र की ताकत बनती है, जब यह विपक्ष सशक्त, रचनात्मक और संवेदनशील हो। 2011 के जनलोकपाल आंदोलन में विपक्ष ने भ्रष्टाचार की खामियों को उजागर किया और साथ ही सुधार के सुझाव भी दिए थे।कोरोना महामारी के दौरान विपक्ष ने राहत और स्वास्थ्य योजनाओं में सुधार के लिए सक्रिय भूमिका भी निभाई थि।चुनावी समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जनता की भागीदारी ने लोकतंत्र को और अधिक पारदर्शी और सशक्त बनाया।किंतु कभी-कभी विपक्षी दल या सांसद केवल नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हैं।

# हास्य बढ़ाए प्रतिरोधक शक्ति

**डॉ रामानुज पाठक**

**मानव** जीवन में हँसी केवल आनंद का क्षणिक विस्फोट नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और जीवनशक्ति की कुंजी है। प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक विज्ञान तक, हँसी को दीघार्यु और स्वास्थ्य का प्रतीक माना गया है। आम जनमानस कहता है—हँसी सबसे बड़ी दवा है।

यह कोई सामान्य कथन नहीं, बल्कि अनेक वैज्ञानिक प्रयोगों और साहित्यिक संदर्भों से प्रमाणित सत्य है।

आज की दुनिया तनाव, अवसाद और शारीरिक बीमारियों से ग्रस्त है। ऐसे में हँसी हमें जीवन जीने का नया दृष्टिकोण देती है। यह मन की उदासी को हर लेती है, शरीर को ऊर्जा से भर देती है और समाज में सकारात्मक संबंधों को गहरा करती है। इस आलेख में हम देखेंगे कि हँसी प्रतिरोधक शक्ति को किस प्रकार बढ़ाती है और साहित्य में इसका क्या महत्व है।

मानव शरीर एक अद्भुत प्रयोगशाला है, जिसमें हँसी एक प्राकृतिक औषधि के रूप में कार्य करती है। जब हम हँसते हैं तो मस्तिष्क से अनेक हार्मोन और न्यूरोकेमिकल्स निकलते हैं जो शरीर और मन पर सीधा प्रभाव डालते हैं। हँसी के दौरान मस्तिष्क एंडॉर्फिन हार्मोन छोड़ता है, जिन्हें फील-गुड हार्मोन कहा जाता है। ये प्राकृतिक दर्दनिवारक हैं, जो तनाव को घटाकर आनंद की अनुभूति कराते हैं। हँसी शरीर में कार्टिसोल और एड्रेनालिन का स्तर घटाती है। ये दोनों हार्मोन लंबे समय तक अधिक मात्रा में रहने पर प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर कर देते हैं। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हँसी से टी सेल्स और नेचुरल किलर सेल्स अधिक सक्रिय हो जाते हैं। ये कोशिकाएँ विषाणुओं (वायरस) और जीवाणुओं (बैक्टीरिया)से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हँसी फेफड़ों में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाती है और रक्त संचार को तेज करती है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने और हृदय रोगों से बचाव में सहायक है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय का शोध बताता है कि "रोजाना 15-20 मिनट हास्यपूर्ण सामग्री देखने वाले व्यक्तियों में प्रतिरोधक क्षमता में 25% की वृद्धि दर्ज की गई।"

## न्यूज फ्लैश

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करके प्रदेश की जनता को दी बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं हरियाणा सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करके प्रदेश की जनता को बहुत बड़ी सौगात दी है। इन परियोजनाओं में करनाल जिला की भी करीब सौ करोड़ की लागत से तैयार होने वाली दो परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।
जिला स्तर पर उस कार्यक्रम के दृष्टिगत लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व असंध के विधायक योगेंद्र राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में उपायुक्त उत्तम सिंह, मेयर रेनू बाला गुप्ता और भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर मौजूद रहे।
विधायक जगमोहन आनंद ने कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 50 बिस्तरों वाले गहन चिकित्सा अस्पताल खंड का सांकेतिक तौर पर शिलान्यास किया। इस पर अनुमानित 20 करोड़ 74 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इस चिकित्सा अस्पताल खंड में मरीजों को इलाज के लिए आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और जिला स्तर पर अस्पतालों में आधुनिक सुविधाओं का मरीजों को लाभ मिल रहा है। गहन चिकित्सा अस्पताल खंड भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया और कहा कि करनाल क्षेत्र के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य की दिशा में यह बहुत बड़ी सौगात दी गई है।

### रिलायंस ज्वेल्स के नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

**नोएडा।** इस दिवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है।
मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो दर्शाती है कि भारतीय अपने आभूषणों से कैसे बदलते रिश्ते साझा करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स के साथ उनका यह जुड़ाव इस तथ्य का उत्सव है कि आभूषण पीढ़ियों से परे जाते हैं–परिवार की धरोहरों को दिल से जोड़े रखते हुए साथ ही आज की जीवनशैली के लिए समकालीन डिजाइनों को अपनाते हैं।
लॉन्च के अवसर पर गायत्री यादव, ग्रुप सीएमओ, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ने कहा, हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है–यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियाँ बदलती हैं और कई बार पुराने डिजाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते।

### शाहबाद में शुरू हुआ ब्रांडेड कपड़ों का नया शोरूम,उद्घाटन समारोह में पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)**
**शहर** में कपड़ों के शौकीनों के लिए खुशखबरी है। शाहबाद में एक नए ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम का शुभारंभ किया गया। समारोह में राज्यमंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और शोरूम का उद्घाटन किया।
शोरूम में लोगों को 15 से अधिक नामी-गिरामी ब्रांड्स के कपड़े एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। इस मौके पर पहुंचे लोगों ने इसे शाहबाद और आसपास क्षेत्र के ग्राहकों के लिए बड़ी सौगात बताया। केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि इस तरह के आधुनिक शोरूम के खुलने से शाहबाद और आसपास के युवाओं को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। लोगों को यहां नवीनतम फैशन और गुणवत्तापूर्ण कपड़े मिलेंगे। यह स्थानीय व्यापार को भी नई दिशा देगा।

# लाड़वा बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम को मिली 11 लाख की अनुदान राशि

**अनुदान**

**लाड़वा मेरा परिवार, किसी को नहीं आने दी जाएगी कोई दिक्कत : सुमन सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
लाडवा, 3 अक्टूबर :(विजय कौशिक) : बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्नक्षेत्र को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 11 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की गई। बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में अनुदान राशि का चेक बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के पदाधिकारियों को सौंपा। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा की बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम बुजुर्गों की सेवा के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी बुजुर्गों और वृद्ध आश्रम के प्रति विशेष लगाव है।
बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने अनुदान राशि देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा दी गई राशि से बुजुर्गों के लिए सुविधायुक्त नई डारमेट्री बनाई जाएगी। बाबा बंसी वृद्ध आश्रम के सचिव अनुज गोयल ने वृद्धाश्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम 1998 से बुजुर्गों की सेवा के लिए सदैव समर्पित है। उन्होंने बताया कि यहां रहने वाले बुजुर्गों से किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता बल्कि उन्हें भोजन, आवास, चिकित्सा व अन्य जरूरत का सभी सामान उपलब्ध कराया जाता है ताकि वह सम्मानजनक रूप से अपना जीवन यापन कर सकें। उन्होंने बताया कि इस समय वृद्ध आश्रम में 45 से अधिक बुजुर्ग महिला-पुरुष रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम द्वारा एक लाइब्रेरी का संचालन भी आश्रम में पिछले एक दशक से किया जा रहा है जिसमें लाडवा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ कर अपनी परीक्षाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करके कामयाबी हासिल कर रहे हैं। उन्होंने अनुदान राशि के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के

## जेएमआईटी में रोबोटिक आर्म कैलिब्रेशन एंड कंट्रोल पर कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 3 अक्तूबर (कुलदीप सैनी)** : जेएमआईटी कॉलेज के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोबोटिक्स व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बी.टेक प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए रोबोटिक आर्म कैलिब्रेशन एंड कंट्रोल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
कार्यशाला का संचालन सैम ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रा. लि., मोहाली के इंजीनियर जगपाल सिंह बहरा ने किया। उन्होंने छात्रों को रोबोटिक आर्म कैलिब्रेशन, कंट्रोल तकनीकों और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को कक्षा शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई पाटने में मदद करती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. एल.एस. रीन, इंजीनियर रितु श्योराण और इंजीनियर कपिल देव का विशेष योगदान रहा।

### संदिग्ध हालातों में युवक का शव मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर की पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में कचरे के बीच एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। उसके हाथ में ड्रिप लगी हुई है और पास में सरकारी अस्पताल की चादर मिली है। इससे लगता है कि युवक का इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। उसने काले रंग की पैंट और काले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। अपना आशियाना संस्था के पदाधिकारी राजकुमार ने बताया कि मृतक के कपड़ों की तलाशी ली गई, लेकिन कोई दस्तावेज नहीं मिला

## नवीन जिंदल व वरुण चौधरी ने दिए विकास कार्यों को गति देने के निर्देश

**बैठक**

**यमुनानगर को विकसित जिला बनाने के लिए मिलकर ईमानदारी से कार्य करना होगा।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर झ**
जिला सचिवालय में आयोजित डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक में कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि यमुनानगर को विकसित जिला बनाने के लिए सभी विभागों को मिलकर ईमानदारी से कार्य करना होगा। बैठक की सह-अध्यक्षता अंबाला सांसद वरुण चौधरी ने की।
सांसद जिंदल ने स्वास्थ्य विभाग को सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रसायनों के बढ़ते प्रयोग से बीमारियां बढ़ रही हैं, इसलिए, जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा।
उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि यमुनानगर को स्वच्छ शहर के रूप में पहचान मिलनी चाहिए। साथ ही कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। खनन को लेकर सांसद जिंदल और सांसद चौधरी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जिले में अवैध खनन नहीं होना चाहिए। माइनिंग फंड से सड़कों की मरम्मत और विकास कार्य करवाए जाएं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, उज्ज्वला योजना, फसल बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, मिड-डे मील सहित अनेक योजनाओं की समीक्षा की गई और इनके बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक रेणु बाला, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका, मेयर सुमन बहमनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लाल बहादुर शास्त्री ने किया देश की दिशा व दशा बदलने का काम :लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में महात्मा गांधी चौक पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी। इसी के साथ साथ भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा एवं गांधी जयंती को लेकर खादी की वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं नरेंद्र मोदी के विजन स्वदेशी को लेकर करनाल में खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में खादी की वस्तुओं को प्रोत्साहन के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई।
भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देश की कमान संभालने का थोड़ा ही समय मिला, मगर उन्होंने अपने शासन काल में देश की दशा और दिशा बदलने का काम किया। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से चल रहे सेवा पखवाड़ा का आज समापन दिवस है।

## लाडवा में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया, जय श्री राम के नारों से गूंज उठा लाडवा





**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 2 अक्टूबर (विजय कौशिक)** : लाडवा में दशहरा धूमधाम से मनाया गया। श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शहर में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें शहर व दूसरे शहरों से आए हुए विभिन्न बैंड बाजों ने भाग लिया। शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान, अंगद, रावण, कुंभकरण, मेघनाथ जैसी भव्य झांकियां निकल गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ दोपहर बाद 3:00 ठाकुरी देवी स्कूल के पास रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए सायं 6:00 बजे शिवाला राम कड़ी पर पहुंची। इस मौके पर शहर व आसपास के गांव के सैकड़ों श्रद्धालु ने भाग लिया। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम के नारे लगाए गए जिससे सारा शहर जय श्री राम के रंग में रंग गया। इस मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवाला रामकुंडी प्रबंधक कमेटी द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक कमेटी द्वारा लगभग 55 फुट का रावण का पुतला लगाया गया। इस मौके पर शिवाला रामकुंडी परिसर में श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा आयोजित मंचन में श्री राम व रावण का युद्ध मे रावण का वध हुआ। उसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। मुख्यातिथि के रूप मे सचिन गर्ग व अंकुश गर्ग पहुंचे।

## हरियाणा के राज्यपाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 3 अक्तूबर-मैनपाल**
हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष के साथ आज मोरनी स्थित पर्यटन विभाग के रिजॉर्ट माउंटेन क्वेल में पौधारोपण किया।
उन्होंने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है।
उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण भी आवश्यक है तभी वह पौधा एक वृक्ष बनकर हमें छाया देगा और पर्यावरण को स्वच्छ व साफ रखने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सभी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करें।
इसके उपरांत हरियाणा के राज्यपाल ने मोरनी स्थित किले का अवलोकन किया और वन विभाग के अधिकारियों को इसे और बेहतर और आकर्षक ढंग से विकसित करने के लिए सुझाव दिए।
इस अवसर पर उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, जिला वन अधिकारी विशाल कौशिक, बीडीपीओ अंकुर, नायब तहसीलदार मोरनी प्रद्युम्न सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



### श्रम विभाग ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ निकाली रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
श्रम विभाग हरियाणा द्वारा चलाए जा रहे श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह के दौरान वीरवार को महात्मा गांधी के जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक बुराइयों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम व नशे के खिलाफ स्कूली बच्चों के सहयोग से महात्मा गांधी चौक से जिला सचिवालय तक एक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर मेयर रेनू बाला उपस्थित रही।

## गन्नौर को मिलेगा नया बस स्टैंड, तीन दशक पुराना ढांचा ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा गन्नौर का रोडवेज बस अड्डा अब नए रूप में नजर आएगा। करीब 36 साल पुराना और जर्जर हो चुका बस स्टैंड का ढांचा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। स्थानीय विधायक देवेंद्र कादियान के प्रयासों से अब इस जगह पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया परिसर तैयार करने की योजना अंतिम चरण में है। शुक्रवार को बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए विधायक कादियान ने बताया कि तत्कालीन परिवहन मंत्री स्व. वेद सिंह मलिक के कार्यकाल में बना यह अड्डा बनाया गया था। उस समय गन्नौर की आवश्यकताएं सीमित थी, लेकिन आज यात्रियों की संख्या, बसों की फ्रीक्वेंसी और सुविधाओं की मांग कई गुना बढ़ चुकी है। कादियान ने बताया कि अब नई योजना के तहत बस अड्डे में एक साथ कई बसें खड़ी हो सकेंगी। परिसर में दो मुख्य द्वार होंगे, जिससे यातायात का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा।



बस स्टैंड में यात्रियों के लिए वातानुकूलित प्रतीक्षालय, शुद्ध पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय,रेस्टोरेंट , महिलाओं के लिए अलग से वेटिंग हॉल और ड्राइवरों के लिए विश्राम कक्ष की व्यवस्था की जाएगी। पहली मंजिल पर रोडवेज प्रशासन के लिए कार्यालय बनाए जाएंगे। वहीं, जीटी रोड पर सर्विस लेन से सटी भूमि पर दुकान बनाकर उन्हें किराए पर देने की योजना है, जिससे विभाग को आय का नया स्रोत मिलेगा।
विधायक कादियान ने यह भी बताया कि गन्नौर में निर्माणधीन अंतराष्ट्रीय बागवानी मंडी 2026 तक शुरू हो जाएगी। ऐसे में नया बस अड्डा इस मंडी के लिए अहम भूमिका निभाएगा। यहां से लंबी दूरी की अंतरराज्यीय बसें का संचालन भी किया जाएगा।
ड्राइंग मिलते ही मुख्यालय भेजेंगे प्रस्तावः एसडीओ
पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया क करीब 2.04 एकड़ में बस स्टैंड का नया डिजाइन तैयार किया जा रहा है।

## स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक श्रमदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 3 अक्टूबर (विजय कौशिक)** : लाड़वा इंदिरा नैशनल कॉलेज लाड़वा की एनसीसी आर्मी विंग इकाई तथा शारीरिक शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से 10 हरियाणा बटालियन ठउठ, कुरुक्षेत्र के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पाँच अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें कॉलेज के ठउठ कैडेट्स और विद्यार्थियों ने स्वच्छता विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बी. ए. तृतीय वर्ष के ठउठ कैडेट दीपांशु ने प्रथम स्थान, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट निपुण



नामदेव और मनिंदर सिंह ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन कॉलेज की छात्राओं चंचल, महक और रूबी ने किया, जबकि इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल और राजनीतिक विज्ञान विभाग के शिक्षक अनिल कुमार मुख्य निर्णायक रहे। स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने विद्यार्थियों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने परिवार, पड़ोस, गाँव और कस्बों तक स्वच्छता का संदेश फैलाना चाहिए। साथ ही यह भी बताया कि भारतीय संस्कृति में स्वच्छता को अत्यधिक महत्व दिया गया है तथा प्राचीन साहित्य में केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और पर्यावरणीय स्वच्छता पर भी बल दिया गया है।
इस अवसर पर कॉलेज के इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल ने केवल व्यक्तिगत स्वच्छता ही नहीं बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त करने का निर्णायक कारक है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डॉ. कुशल पाल, लेफ्टिनेंट (डॉ.) कुलदीप सिंह, डॉ. मोहनलाल, डॉ. नीति गोयल , श्री अनिल कुमार, सरदार जोरावर सिंह गिल , एनसीसी क्लर्क रविन्द्र नाथ शर्मा, एनसीसी कैडेट्स तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों ने स्वच्छता शपथ ली। सभी ने एक वर्ष में 100 घंटे तथा प्रति सप्ताह 2 घंटे अपने घर, आसपास के क्षेत्र और कार्यस्थलों पर स्वच्छता हेतु स्वैच्छिक श्रमदान करने का संकल्प लिया।
इस अभियान के अगले चरण में छात्रों ने कॉलेज परिसर और आस-पास के क्षेत्र की सफाई की और पौधारोपण किया, जिससे उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## एसजीएमपीएस लाडवा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रावण दहन कर दशहरा मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 3 अक्टूबर (विजय कौशिक)** : संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा लाडवा के नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों और प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में 'रावण दहन' कर धूमधाम से दशहरा मनाया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि दशहरा या विजय दशमी बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है जो हमें याद दिलाता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी या शक्तिशाली हो जीत अंततः अच्छाई की ही होती है। उन्होंने कहा कि रामायण के सभी चरित्र



एवं मूल्य अत्यंत पवित्र, आदर्श एवं सदैव अनुकरणीय रहेंगे। भगवान राम के आदर्श पुत्र, पति, भ्राता, वीरता से परिपूर्ण आदर्श राजा के रूप में संसार भर में विख्यात है। उन्होंने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने राम, लक्ष्मण, सीता एवं रामायण के अन्य चरित्रों का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया, कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में गांधी जी के चरखे के चित्र बना कर गाँधी जी को श्रद्धांजलि दी। कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने रामायण के सभी आदर्श चरित्रों के मुखौटे पहन कर चरित्रों को जीवंत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

## न्यूज फ्लैश

### अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों को ड्रोन प्रशिक्षण हेतु आमत्रित

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा ड्रोन इमेजिन और इनफॉरमेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटिड (दृश्या) के माध्यम से अनुसूचित जाति के पुरूष व महिला को ड्रोन पाइलेट व ड्रोन इमेजिन ट्रेनिंग दिए जाने के लिए आवेदन पत्र आमत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी जो कि अनुसूचित जाति से सम्बन्ध रखता हो व जिसकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास और परिवार वार्षिक आय 3 लाख तक हो। उक्त योग्यता को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 10 अक्टूबर तक अपना नाम उपयुक्त दस्तावेज के साथ जिला प्रबन्धन, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, गीता मंदिर रोड़, गीता कॉलोनी, गीता नर्सरी स्कूल बिल्डिंग प्रथम तल पर जमा करवा सकते हैं। अधिकारी जानकारी के लिए टेलीफोन नम्बर 0180-2635406 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### सूरजकुंड दिवाली मेला शुरू, देश-विदेश की कला और संस्कृति से रूबरू होने का सुनहरा अवसरः डीसी

**पानीपत, (कमाल हुसैन):** डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा आयोजित सूरजकुंड दिवाली मेला विगत गुरुवार से शुरू हो गया है, जो आगामी 7 अक्टूबर तक फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से आए शिल्पकार, कलाकार और उद्यमी अपनी कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह मेला लोगों को देश और प्रदेश की विविध कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और परंपराओं से रूबरू कराने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। मेले में लगभग काफी स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें हस्तशिल्प, गृह सजावट सामग्री, पारंपरिक परिधान, आभूषण, दीपावली की खरीदारी के लिए विशेष आइटम तथा विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं। मेले में लोक नृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, फैशन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे आने वाले दर्शक कला और मनोरंजन का अनोखा अनुभव प्राप्त करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि दिवाली की खरीदारी और परिवार के साथ उत्सव का आनंद लेने के लिए यह मेला खास है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है।

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सोनीपतः** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित ढाबा परिसर में दुकान चलाने वाले युवक का शव ढाबे के पीछे बने कमरे में संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। मुरथल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। राजस्थान हाल में जीटी रोड स्थित ढाबा निवासी महेंद्र ने बताया कि उसकी ढाबा परिसर में पर्स व चाकलेट की दुकान है।

# गीता विद्यालय में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज विजयदशमी पर्व श्रीमद् भागवत गीता व माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी मां सरस्वती ,भगवानश्री राम लक्ष्मण ,जानकी तथा हनुमान जी एवं भारत माता की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन के साथ हुआविद्यालय प्राचार्य अनिल मदान ने सभी मुख्य अतिथियों का परिचय कराकर स्वागत किया ।विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रासबिहारी पांडे नेअपने संबोधन में बताया कि विजयदशमी का पर्व हमें अच्छाई से बुराई पर विजय का संदेश देता है । हमेंअच्छाई बुराई विजय का संदेश देता है / हमें इस अवसर पर अच्छे गुण कों ग्रहण करना चाहिए तथा बुराई को त्याग कर अपने गुरुओं से आशीर्वाद लेकर जीवन में आदर्श स्थापित करना चाहिए । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने बताया कि नवरात्रि शक्ति पूजा का पर्व है जिसमें हम 9 दिन तक या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस



संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः -के मंत्र का जाप करक माँ से शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं ।विजयदशमी के दिनहम रावण दश मुखों 10 प्रकार की बुराइयो जैसे काम ,क्रोध ,मद ,मत्सर, अपरिहार्य ,अस्तेय आदि बुराईया का नाथ दस अच्छाईयो जैसे . माता पिता वृदों का वंदन ,सत्कार त्याग ,तपस्या कर्मशीलता, आलस्य न होना तथा आजका काम आज ही समाप्त करना, किसी की बुराई न करना आदि को सद्गुणों को ग्रहण कर एक सुयोग्य नागरिक बनना ।तथा इसके साथ साथ शारीरिक,मानसिक प्राणिक ,बौद्धिक ,आध्यात्मिक शक्ति विकास कर देश अपने का तथा देश को समृद्ध शाली बनाना हैं । उन्होंने आगे बताया कि हमारे ग्रंथ तो लगातार हमें शिक्षा प्रदान कर रहे थे परस्तु हमारी स्वार्थपरता के कारण हम विदेशियों के गुलाम होने के कारण अपना आत्मबल खो बैठे थे। परन्तु अब हमारा नेतृत्व मजबूत है शक्ति का पराक्रम बढ़ा है । आर्थिक स्थिति सुद्दढ हुई है। दुनिया की सर्व श्रेष्ठ शक्ति अपने को मानने वाले देश अमेरिका की प्रभु सत्ता को भारत ने आँख दिखाई है तथा उसी के साथ२० देशों ने भी भारत का साथ देकर भारत का समर्थन किया है । यह सब प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम जी प्राप्त हुई है। हम सबको यह प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि हमें हर हालत में अपनी शारीरिक, मानसिक प्राणिक तथा आध्यात्मिक शक्ति का संचय कर भारतको सुपर पाँवर बनाने में सहयोग करना है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मोहिन्द्रपाल सिंगला , उपाध्यक्ष अशोक रोशा, कोषाध्यक्ष रमेशगुलाठी पुरे समय उपस्थित रहे ।महान शिक्षा विद तथा विद्यालय के प्रबंधक विरेन्द्र वालिया ने आज कार्यक्रम में उपस्थित रहने पर सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर बच्चो रामवनवास से रावण दहन तक का रामलीला मंचन कर सबको करतल ध्वनि के लिए बाध्य कर दिया। मुख्यातिथियो द्वारा रावण दहन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर स्वदेशी कार्यकत्ताओं द्वारा विदेशी वस्तुओं का भी दहन कर स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया ।

# पॉवर हाउस कॉलोनी के सामने प्राइवेट फड पर तुल रही धान, कॉलोनीवासी परेशान



**यमुनानगर,धर्मबीर-** छछरौली अनाज मंडी परिसर से करीब एक किलोमीटर दूर पॉवर हाउस कॉलोनी के सामने एक प्राइवेट फड पर धान की तुलाई से कॉलोनीवासी परेशान हैं। पूरा दिन धान की सफाई व तुलाई से धूल उड़ती रहती है जिससे बच्चे व बुजुर्गों को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही है। स्थानीय निवासियों मामचंद, मोहनलाल, कर्मचंद, रामकुमार, विनोद, संजीव, जसविंदर, अमित गोयल इत्यादि का कहना है कि पूरा दिन उन्हे शरीर ऐसा लगता है जैसे धान की कटाई करने वाले मजदूरों का हाल होता है। उन्होने एसडीएम व मार्केट कमेटी सचिव को शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि लाइसेंसधारी आढती मंडी में मिले फड पर धान तोलने की बजाय कई सालों से अवैध तरीके से धान की तुलाई कर रहे हैं। जब धान की सफाई के लिए पंखा व मशीन चलती है तो धूल का गुब्बार यहां बसे 20 से ज्यादा घरों को प्रभावित करता है। स्थानीय निवासी व दुकानदार इसकी वजह से लगातार बीमार हो रहे हैं। इसके कारण दमे जैसे हालात, आंखों में जलन, शरीर में खुजली और बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं उन्होने कहा कि साजन खत्म होने के बाद यह कचरे को सड़क किनारे डाल देते हैं जो पूरा साल उड़ता हुआ परेशान करता है। उन्होने बताया कि पास ही बलकुंज भा है जहां सैंकड़ो बच्चे रहते हैं। ऐसे में उनका स्वास्थ्य भी खतरे में है। मार्केट कमेटी सचिव ऋषिराज ने बताया कि उनके पास शिकायत पहुंची है। कॉलोनीवासियों की समस्या को देखते हुए तुरंत प्रभाव से इसको हटाने का काम किया जाएगा।

# गीता जयंती एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल व दस हजार रुपये चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल उठे है। गीता जयंती एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में सफर कर रहे एक यात्री का मोबाइल फोन, नकदी और सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तह मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रिंकू शाक्य निवासी हैवतपुर थाना सोनगढ़ी, जिला कासगंज उत्तर प्रदेश गत 6 सितंबर को कुरुक्षेत्र से मथुरा जाने के लिए 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे था। यात्रा के दौरान उन्हें नींद आ गई। इसी बीच किसी अज्ञात चोर ने उनका सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल फोन सहित, 10 हजार रुपये नकद और एक जोड़ी चप्पल शामिल है। रिंकू शाक्य ने बताया कि जब उनकी नींद खुली तो सामान गायब था। तभी ट्रेन सोनीपत स्टेशन पर शाम करीब 5:40 बजे पहुंची।

# इंदाना गांव मारपीट मामलाः अब तक कुल 16 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**

नूंह जिले के बिछोर थाना क्षेत्र के इंदाना गांव में 27 सितंबर को पुलिस टीम पर हुए जानलेवा हमले और फायरिंग मामले में नूंह पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है । इस मामले में अब तक कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से 13 आरोपियों को घटना वाले दिन ही पुलिस ने दबोच लिया था, जबकि तीन और आरोपी बाद में दबिश के दौरान पकड़े गए हैं । इन्हीं में से एक आरोपी अखलाक पुत्र याकूब निवासी इंदाना को निरीक्षक संदीप मोर के नेतृत्व में गठित अपराध जांच शाखा पुन्हाना की टीम ने पुलिस मुठभेड़ के बाद काबू किया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल और अवैध हथियार भी बरामद हुआ है।

सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह आयुष यादव ने प्रैस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते शनिवार को तावडू और पुन्हाना सीआईए की संयुक्त टीम गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन की जांच करने इंदाना गांव



पहुंची थी । इसी दौरान जब पुलिस मुख्य आरोपी और पूर्व जिला पार्षद आजाद पुत्र सुबे खान के घर पहुंची तो उसने पुलिस पार्टी पर सीधा फायर कर दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद घर पर मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर उनके साथ मारपीट और अभद्रता की। देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई और पुलिस पर पथराव एवं फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पुलिसकर्मियों ने बड़ी सूझबूझ से अपनी जान बचाई । इस हिंसक हमले में कई पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हुए और चार से पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को काबू में करने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा । घटना के दिन ही नूंह पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से तीन महिलाओं को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया, जबकि 10 पुरुष आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया । वहीं, फरार चल रहे आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस ने हाल ही में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें फखरुद्दीन पुत्र आस मोहम्मद निवासी सराय खटेला पलवल, जाहुल पुत्र कासम निवासी इंदाना और अखलाक पुत्र याकूब निवासी इंदाना शामिल हैं।

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व, रावण को किया आग के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व पिनगवां कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रावण का पुतला दहन करने से पहले पिनगवां कस्बे में मुख्य बाजार से झांकियां निकाली गई और अनाज मंडी पिनगवां में वापस आकर श्री राम के द्वारा रावण के पुतले को दहन किया गया। इस दौरान भारी भीड़ दशहरा मेले को देखने के लिए कस्बे में आसपास के गांव से जुटी।



इसके अलावा रावण के पुतले में आतिशबाजी का नजारा देखकर लोग काफी प्रश्न दिखाई दिए। इस मेले में हिंदू - मुस्लिम एकता की झलक भी देखने को मिली। बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग दशहरा मेले को देखने के लिए पहुंचे। लोगों ने कहा कि दशहरा मेले में सुरक्षा व भीड़ को कंट्रोल करने के लिए अच्छे इंतजाम किए गए थे। इस बार भव्य झांकियां भी निकाली गई और तकरीबन 40 फीट ऊंचाई से अधिक का रावण का पुतला दहन किया गया।

आसपास के गांवों के बच्चे, महिला व पुरुषों की भीड़ लगी रही। इधर मेले में बच्चों को लुभावने खेल खिलौने, चाट पकौड़ी सहित अन्य सामान की स्टालें लगी हुई थी। दशहरा मेले में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस स्टाफ व फायर बिग्रेड स्टाफ पूरी तरह मुस्तैद रहा। दशहरा और विजयादशमी का दिन भगवान श्री राम चंद्र की रावण पर जीत का प्रतीक है। इस दिन रावण का पुतला जलाकर बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सच्चाई और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है। झाकियां निकालने वाले कलाकार या आयोजक भले ही हिंदू समाज से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन दर्शकों में 50 फीसदी मुस्लिम समाज के लोग होते हैं।

# आहलूवालिया बिल्डिंग में महिला मंडल ने मनाया नवरात्री महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आहलूवालिया बिल्डिंग में आहलूवालिया बिल्डिंग महिला मंडल द्वारा नवरात्रि पर्व धूमधाम और उत्साह से मनाया गया जिसमे अबकी बार 9 दिन लगातार मां की अखंड ज्योति रिचा के निवास स्थान पर जलाई गई वहां पर 9 दिन मां की रोजाना पूजा अर्चना की गई और महिला मंडल द्वारा मां की भेंटे गाकर मां का गुणगान किया गया और नौवें और आखरी दिन नवमी मनाई गई जिसमे महिलाओ ने भजन गा कर और नाच कर माता को दुबारा आने



का न्योता दिया ' अन्त मे भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमे बिल्डिंग के साथ साथ आस पास के लोगों ने भी भंडारे मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया ' महिला मंडल ने बताया कि यह परंपरा सन 2000 से चली आ रही है कि बिल्डिंग निवासी सभी महिलाएं एक ही घर में मां की अखंड ज्योति जलाकर नवरात्रों के पर्व को श्रद्धा के साथ मनाते है उस घर में हर रोजाना माँ का भजन कीर्तन किया जाता है और प्रशाद बाटा जाता है और ये हमारा 50 वा नवरात्री जन्मोत्सव है '

### मुरथल के शिक्षण संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने छात्रा से छेड़खानी

**सोनीपतः** मुरथल के एक शिक्षण संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा छात्रा से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कर्मचारी हर्ष पर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच मुरथल थाना पुलिस ने तुरंत शुरू कर दी है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा ने शिकायत में बताया कि संस्थान में काम करने वाला चतुर्थ श्रेणी कर्मी हर्ष समय-समय पर अनुचित व्यवहार करता रहा है। जिसके बाद पीड़िता ने मानसिक और भावनात्मक रूप से परेशान होकर तुरंत इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी।

# महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती पर पीआरपीसी में श्रद्धांजलि एवं स्वच्छता संकल्प समारोह

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** भारत के महान नेता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में 2 अक्टूबर 2025 को उनका जन्मदिन बड़े श्रद्धा भाव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पीआरपीसी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख,



पीआरपीसी द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित करने से हुई। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि के उपरांत गांधी जी के प्रिय भजन बड़ी भक्ति भावना से प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। इस अवसर पर श्री डहरिया ने सभी को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि गांधी जी केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक गहन विचारधारा हैं, जिसमें विश्व शांति स्थापित करने की अद्भुत शक्ति निहित है। उन्होंने गांधी जी के प्रसिद्ध संदेश – जिस परिवर्तन को आप दुनिया में देखना चाहते हैं, उसकी शुरूआत स्वयं से करें – को दोहराते हुए सभी से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान देश के दूसरे प्रधानमंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी 121वीं जयंती पर भी सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समापन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।

# नूंह साइबर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात( लियाकत अली ):** नूंह साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए नूंह साइबर थाना पुलिस ने तीन अलग - अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी फर्जी सिम कार्ड, फर्जी बैंक खातों और नकली पहचान का इस्तेमाल कर ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इन आरोपियों के खिलाफ देश के कई राज्यों में शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। आयुष यादव एएसपी ने बताया कि पहला मामला झारपुडी निवासी रिजवान और उसके साथी सद्दाम से जुड़ा है। 18 जुलाई को पुलिस ने दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे पर छापेमारी कर रिजवान पुत्र जमील



खां को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से मोबाइल बरामद हुआ जिसमें मोबाइल नंबर सक्रिय मिला। जांच में सामने आया कि इस नंबर से भीम यूपीआई, गूगल पे और पेटीएम अकाउंट संचालित किए जा रहे थे। साथ ही फरीदाबाद और गुजरात के पोरबंदर में दर्ज ठगी की शिकायतें भी इस नंबर से जुड़ी मिलीं। पूछताछ में रिजवान ने फर्जी सिम और नकली पहचान का उपयोग कर ठगी करना स्वीकार किया। इसके बाद 29 सितंबर को उसका साथी सद्दाम पुत्र हनीफ निवासी झारपुडी को भी गिरफ्तार किया गया। सद्दाम के खिलाफ तमिलनाडु और फरीदाबाद में ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें दर्ज पाई गईं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दूसरे मामले में पुलिस ने असलम पुत्र सुलेमान निवासी अमीनाबाद फुसेता थाना बिछोर को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी जयसिंहपुर स्थित दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे पुल के नीचे की गई। आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसमें दो सिम लगे हुए मिले। फोन की जांच में सामने आया कि असलम फर्जी सिम का इस्तेमाल कर भैंस बेचने के नाम पर लोगों से ठगी करता था। उसके बैंक खातों की डिटेल से कई धोखाधड़ी के मामले उजागर हुए। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक खाते से 12,250 रुपये, एनएसडीएल बैंक से 95 हजार रुपये, आईओ पेमेंट बैंक से 14 हजार रुपये और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से 29 हजार रुपये की ठगी सामने आई। आरोपी की जमानत याचिका भी पहले अदालत ने खारिज कर दी थी। तीसरा मामला वासिद पुत्र जाकिर निवासी बेरियाबास थाना सदर फिरोजपुर झिरका से संबंधित है। 29 सितंबर को साइबर पुलिस ने साइबर पोर्टल पर एक संदिग्ध मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर गांव बेरियाबास से वासिद को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक मोबाइल मिला जिसमें दो नंबर सक्रिय थे। फोन की जांच करने पर व्हाट्सएप अकाउंट, फर्जी बैंक खातों के विवरण, क्यूआर कोड और संदिग्ध लेन - देन की तस्वीरें मिलीं। इनमें से एक नंबर आसिफ पुत्र इकबाल निवासी ओथा पुन्हाना के नाम पर पंजीकृत पाया गया, जबकि दूसरा नंबर वासिद के नाम पर था।

# मंडियों में धान खरीद का कार्य सुचारू, किसान संतुष्टः विरेंदर कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** जिले की सभी मंडियों में इस बार धान खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ चल रहा है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियां पूरी तरह से किसानों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बेहतरीन प्रबंध किए गए हैं और खरीद कार्य में पारदर्शिता व ईमानदारी सुनिश्चित की गई है। डॉ. दहिया ने बताया कि जिले की आठ मंडियों में पांच मिलरों के माध्यम से धान की खरीद की जा रही है। अब तक 1789 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है, जबकि 121 मीट्रिक टन से अधिक धान की लिफ्टिंग भी संपन्न हो चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लिफ्टिंग को लेकर कहीं भी कोई समस्या नहीं है और यह कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए तोल केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती, पानी की व्यवस्था, छायादार स्थान, साफ-सफाई और ट्रैफिक प्रबंधन जैसी सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सभी खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाए और कोई भी अनावश्यक देरी न हो। किसानों ने जताया संतोष मंडियों में धान बेचने आए किसानों ने भी प्रशासन की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि इस बार धान की खरीद में न तो कोई लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है और न ही तौल को लेकर कोई विवाद हो रहा है। तौल के बाद तुरंत रसीद मिल रही है।

# घसौली में विधायक ने कूड़ा उठाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्रामीणों को सौंपा, चौपाल निर्माण का किया शिलान्यास

**शिलान्यास**

**–गांवों को स्वच्छ, सशक्त और सुविधायुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता : कादियान**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव घसौली में करीब 44 लाख रुपये की लागत वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। विधायक ने ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 5 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्रामीणों को समर्पित की। ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग गांव की साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन और अन्य सार्वजनिक कार्यों में किया जाएगा। इसके बाद विधायक कादियान ने 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाली प्रजापति समाज की नई चौपाल और लगभग 21 लाख रुपये की लागत से गांव के तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। तालाब के किनारों पर पगडंडियां, पेड़-पौधे लगाने के साथ बैठने की व्यवस्था की जाएगी। ताकि ग्रामीणों को सुबह-शाम सैर के लिए एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। इससे पहले गांव में पहुंचने पर सरपंच महेश त्यागी ने ग्रामीणों के साथ विधायक का फूलमाला से स्वागत भी किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, सशक्त और सुविधायुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। घसौली गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली, चौपाल और तालाब सौंदर्यीकरण जैसे कार्य केवल निर्माण नहीं है, ये गांव को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में ठोस कदम है। सरपंच महेश त्यागी ने कहा कि गांव के विकास में विधायक का निरंतर सहयोग सराहनीय है। ग्रामीणों को जिन सुविधाओं की जरूरत लंबे समय से थी, वे अब साकार होती दिख रही है। इस अवसर पर अनिल, जयभगवान, हैप्पी त्यागी, हरिओम, सोहन, कृष्ण, डा. सोमपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के तौर पर मनाते हैं : कविता जैन



**सोनीपत, 02 अक्टूबर।** मनुष्य को लोभ, मोह तथा अहंकार का दहन करना चाहिए तभी रावण, मेघनाथ, कुम्भकर्ण के पुतलों के दहन करने का कोई अर्थ है, समाज में चारों तरफ हिंसा, अराजकता, झूठ का बोलबाला है ऐसे में हम कागज के पुतलों को जलाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री ना समझकर अपने अंदर के प्रदूषित विचारों एवं बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लें। उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कामी रोड सिथित रामलीला मैदान में रावण दहन के अवसर पर आयोजित कार्यकर्मों में व्यक्त किये। कविता जैन ने कहा कि विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के तौर पर मनाते हैं परन्तु आज हमें आत्म निरीक्षण एवं आत्मविश्लेषण कर अपने दोषों का निवारण करना चाहिए तभी स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने हर हर शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा नई अनाज मंडी में रावण दहन से पूर्व अपने सम्बोधन में कहा कि आज परिवारों में घरेलु हिंसा, योन उत्पीड़न, दहेज, बलात्कार, भ्रूण हत्या जैसे अपराध बढ़ते जा रहे हैं इसलिए हमें इन्हें खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें रामायण के पात्रों का विश्लेषण करके उनके अच्छे गुणों एवं संस्कारों को धारण करना चाहिए। इस अवसर पर महेंद्र मंगला, महेंद्र वर्मा, राजकुमार गोयल, अरुण जैन, गजेंद्र मंगला, अमित कुच्छल, विजय गौतम, दीपक कुच्छल, सुरेश गोयल, रणबीर खत्री, प्रवीण गोयल, वीरेंद्र कटारिया, रतन जैन, नवीन गर्ग, बृजभूषण बंसल, संजय वर्मा, सुरेश मित्तल, रामनारायण गोयल, अजय गोयल, अतुल जैन, अंशुल अग्रवाल, चंद्र मोहन गुप्ता, पवन गोयल, ललित गोयल, सुरेश माथुर, रमेश जैन, पंकज जैन, दीपक बत्रा, आशीष जिंदल, राजीव गर्ग, नरेंद्र राणा, राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### खिजरपुर अहीर माजरा पंचायत ने निर्णय, किन्नरों को खुशी के मौके पर 1100 रुपएं से अधिक राशि नही दंगे

**गन्नौर।** खिजरपुर अहीर माजरा गांव में ग्रामीणों की बैठक सरपंच नेहा यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र व अधिकत्तर पंचों ने भाग लिया। बैठक में गांव में पिछल्ले दिनों हुए किन्नरों के दो गुटों में हुए बुरी तरह से झगड़े को लेकर निर्णय लिया गया कि गांव में किन्नरों के झगड़े के लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि पंचायत ने ग्रामीणों के साथ निर्णय लिया कि वे किन्नरों को किसी भी खुशी के उपलक्ष्य में अधिकत्तम 1100 रुपएं से अधिक राशि नही देंगे। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति जताते हुए पंचायत द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की। बैठक में रामदिया नम्बरदार, चौकीदार रमेश कुमार, महासिंह नम्बरदार,सुभाष, महासिंह, शमशेर, रघबीर, श्रीकृष्ण, राजकवार, नरेश कुमार, रोहताश, विक्रम सिंह, बलबीर सिंह, टेकराम, सुरेश, मनोज, मुकेश, प्रवीन, रोहित यादव, मुकेश, राजबीर, मंजू आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

गांव में सड़क पर दो किन्नरों के गुट में हुआ था झगड़ा

- पिछल्ले दिनों गांव में दो किन्नरों के गुट में झगड़ा हुआ था और उनके शोर शराबे के कारण ग्रामीणों में रोष है। सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र ने बताया कि ज्यादा झगड़ा बढ़ता देख दुसरे किन्नर चले गए थे, नही तो झगड़ा बहुत बढ़ जाता। किन्नरों के झगड़े की पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी में पूरा मामला दिखाई दिया और ग्रामीणों ने समझाया

### आईएमटी गाजियाबाद ने एसबीआई लाइफ के आइडिएशनएक्स 2.0 के फाइनलिस्ट में जगह बनाई

**गाजियाबाद।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आइडिएशनएक्स 2.0 के फाइनलिस्ट की घोषणा की। गुरुग्राम स्थित मास्टर्सह्न यूनियन स्कूल ऑफ बिजनेस में आयोजित सेमी-फिनाले राउंड में जीत दर्ज कर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद की टीम ने प्रतिष्ठित ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई। सेमी-फिनाले में भारत के प्रमुख बी-स्कूल्स से आई 3,500+ एंट्रीज में से चुनी गई 40 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें कोलकाता, शिलांग, जमशेदपुर, भुवनेश्वर, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, दिल्ली, गुरुग्राम, गाज़ियाबाद, लखनऊ, चेन्नई, हैदराबाद, कोझिकोड और विशाखापट्टनम जैसे शहरों के संस्थान शामिल थे। कड़े मल्टी-स्टेज मूल्यांकन के बाद शीर्ष 8 टीमें ग्रैंड फिनाले तक पहुँचीं।

आईएमटी गाज़ियाबाद से अमिताभ दीक्षित, पार्थ गोयनका और हर्ष द्विवेदी ने फाइनल आठ में अपनी जगह पक्की की। अन्य प्रतिभागी संस्थानों में दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज नई दिल्ली, आईआईएफटी नई दिल्ली, आईआईएम लखनऊ, एमडीआई गुरुग्राम, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईआईटी दिल्ली, आईआईटी-बीएचयू और मास्टर्सह्न यूनियन स्कूल ऑफ बिजनेस दिल्ली शामिल थे। इस मौके पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें श्री रवीन्द्र शर्मा (चीफ झ्र ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस एवं उरफ) और श्री देबाशीश चटर्जी (जोनल डायरेक्टर झ्र नॉर्थ) शामिल रहे। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया और नवाचार की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया।

### एसडीएम ने मार्किट कमेटी कार्यालय का किया निरीक्षण

**रादौर, 3 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** एसडीएम नरेंद्र सिंह ने मार्किट कमेटी कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धान की खरीद प्रक्रिया, उठान की स्थिति, एमएफएमबी पोर्टल पर किसानों के सत्यापन और स्वच्छता प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान हैफेड, वेयर हाउस, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी तथा मार्किट कमेटी का स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर एसडीएम ने सभी खरीद एजेंसियों के बीच समन्वय पर जोर देते हुए मार्किट कमेटी की टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीद कार्यवाही को सुचारू, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया जाए।

# एसडीएम ने गिरदावरी का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**

**तोशाम, (वंदना शर्मा )**

**तोशाम, 03 अक्टूबर** -एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) गावों में जाकर गिरदावरी का निरिक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए ' एसडीएम ने गांव भूरटाना, डाडम, सरल, बागनवाला, खरकड़ी आदि गावों के खेतों में जाकर खरीफ फसलों में हुई खराबे की गिरदावरी की पड़ताल की। उन्होंने खेतों में खड़ी फसल का राजस्व विभाग के सजरा के साथ मिलान किया। गिरदावरी पड़ताल के दौरान मौजूद किसानों ने फसल में हुए नुकसान की विस्तार से जानकारी दी और उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की। वहीं एसडीएम ने किसानों को सही गिरदावरी किए जाने के प्रति आश्वस्त किया।

गिरदावरी पड़ताल के दौरान मौजूद किसानों ने बताया कि फसलों में नुकसान का सर्वे करने वाली कंपनी सही ढ़ंग से नुकसान का आकलन नहीं दिखा रही है। इससे किसानों को भारी नुकसान होगा। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि सर्वे कंपनी द्वारा की गई क्रॉप कटिंग की जांच करवाई जाए और फसलों में हुए नुकसान को सही दर्ज करवाया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान ना हो। किसानों ने प्रशासन के माध्यम से ही नुकसान का आंकलन करवाने की मांग की।

एसडीएम ने गिरदावरी की पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को नुकसान होने पर किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। ऐसे में समय पर और सही गिरदावरी किसानों के लिए राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है।

उन्होंने बताया कि गिरदावरी में पटवारी किसानों से खेत में बिजाई की गई फसल की जानकारी लेता है, इसके लिए पटवारियों को सरकार की ओर से जो टैब उपलब्ध कराए गए हैं, उसमें मौके पर जाकर गिरदावरी का डाटा ऑनलाइन फीड किया जाता है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे गिरदावरी में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरतें।

# जठलाना में मेरा युवा भारत केंद्र ने मनाई गांधी जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 3 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** महात्मा गांधी के जन्मोत्सव पर मेरा युवा भारत केंद्र यमुनानगर की ओर से ई-दिशा कंप्यूटर सेंटर जठलाना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंटर के संचालक राजवीर चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर केंद्र की स्वयंसेविका रिंकी ने गांधी जी के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत युवाओं को शपथ दिलाकर हुई, जिसके बाद स्वच्छता अभियान और पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि राजवीर चोपड़ा ने युवाओं को समाज सेवा और स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर 32 लाख की ठगी, सात पर केस

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 3 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र के गांव भागूमाजरा के पिता-पुत्र सहित चार लोगों से कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर रादौर पुलिस ने पंजाब के मोहाली स्थित इमीग्रेशन सेंटर रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सॉल्यूशंस के सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित अजमेर सिंह, मनजीत कुमार व ईशम पाल ने बताया कि उनके परिजनों को कनाडा भेजने के नाम पर मोहाली स्थित सेंटर के राकेश उर्फ रिक्की, राखी, अरमान, पुनीत ठाकुर, नैन्सी ठाकुर, कर्ण व रोहित ने उनसे संपर्क किया। आरोपितों ने लिखित इकरारनामा देकर भरोसा दिलाया कि वीजा न मिलने पर पूरी रकम वापस कर दी जाएगी। इस पर ईशम से 9.05 लाख, अजमेर से 10.70 लाख व मनजीत से 10.70 लाख रुपये यानी कुल 32 लाख रुपये ले लिए गए। लंबे समय तक कनाडा न भेजे जाने और रकम लौटाने से इंकार करने पर जब पीड़ित दफ्तर पहुंचे तो वह बंद मिला। आरोपितों ने न केवल रकम लौटाने से मना किया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर जांच के बाद रादौर थाने में सातों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# आर्य समाज मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** आर्य समाज मंदिर गन्नौर शहर के 68वें वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप चंद भूटानी ने की। जबकि अलीगढ़ से आमंत्रित डा. मनु आर्या ने ब्रह्मत्व संभाला। यज्ञोपरांत अंबाला से आई संगीतरत्ना श्वेता शर्मा ने प्रभु भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। सत्य किरण दीवान व संतोष जी आर्य ने भी भजन प्रस्तुत किए। डा. मनु आर्या ने वेदमंत्रों के साथ जीवन में सुकर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उनसे जिज्ञासाओं का समाधान पाया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी मुख्य अतिथि रहे, जिन्हें आर्य समाज की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महासचिव प्रीतम लाल आहूजा, मनोहर लाल डुडेजा, राज आहूजा, भारत भूषण भूटानी, मंजू भूटानी, राकेश, महेंद्र कामरा, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान का 6वाँ दीक्षांत समारोह 7 को

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान का 6वाँ दीक्षांत समारोह 7 अक्टूबर संस्थान के परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा।

संस्थान के सहायक प्रोफेसर अरूण ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं रेल मंत्रालय रवनीत सिंह, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो.अजय कुमार सूद होंगे। कुलपति प्रो. वी. रामगोपाल राव, अशोक चौधरी, देवेश देवल, डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय, निदेशक शिरकत करेंगे।

# कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जन्म दिवस**

**इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने जगह–जगह पौधारोपण किया, लड्डू वितरित किए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**तोशाम,( वंदना शर्मा )**

**तोशाम, 3 अक्टूबर** :-सिंचाई एवं महिला व बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी का जन्म दिवस तोशाम विधानसभा क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने जगह-जगह पौधारोपण किया, लड्डू वितरित किए और केक काटकर जन्म दिवस का उत्सव मनाया। तोशाम के सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम में कार्यकताओं ने पौधारोपण कर मंत्री जी की लंबी व स्वस्थ आयु की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता हरि सिंह सांगवान ने कहा कि जनप्रिय नेता एवं कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का जन्म दिवस पूरे तोशाम क्षेत्र में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रुति चौधरी तोशाम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प हैं और उनकी लोकप्रियता जनता के बीच निरंतर बढ़ रही है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भी कार्यकताओं ने सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए और जन्म दिवस को जन-उत्सव के रूप में मनाया।

इस अवसर पर मार्केट कमेटी तोशाम वाइस चेयरमैन सचिन जटासरा ,सरपंच राजेश तंवर (तोशाम),ललित सिंगला,दीपक बंसल,तुषार बंसल,चेतन शर्मा ,ओमपाल पंघाल,प्रवीन दहिया,हरीश आलमपुर,नरेश ठेकेदार,वन राजिक अधिकारी तोशाम बजरंग, प्रदीप दरोगा व मुकेश दरोगा वन विभाग व सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का जन्म दिवस भाजपा नेता अतुल महता के कार्यालय में भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। यहां केक काटा गया और मिठाई वितरित की गई।

# अध्यापिका ने जन्मदिन पर पौधारोपण कर बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 3 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता पखवाड़ा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर की अध्यापिका एवं हिंदुस्तान स्काउट गाइड खंड रादौर की बी.ओ.सी. मीनाक्षी ने अपना जन्मदिन अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय घेसपुर में पौधारोपण कर बच्चों को मिठाई वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के अन्य अध्यापकों ने भी बच्चों को पर्यावरण बचाने और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। अध्यापिका मीनाक्षी ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधारोपण करना न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ता है, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक संदेश देता है।

# पुलिस कमीशनर कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों ने की झूठा मुकदमा कैंसिल करने की मांग

**मांग**

**--शिकायत में आरोप, सरंपच के कामों की जांच की शिकायत की तो झूठा मामला दर्ज करवाया**




**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** शुक्रवार को खेवड़ा गांव के ग्रामीण व परिजन काफी संख्या में पुलिस कमीशनर कार्यालय में पहुंचे और गांव के चाचा- भतीजे के खिलाफ गांव के सरपंच द्वारा करवाए गए दर्ज मामले को झूठा आरोप बताते हुए कैंसिल कराने की मांग की। जिसका गांव के लोगों ने समर्थन किया। कमिशनर कार्यालय में दी शिकायत में जयपाल ने बताया कि उनके बेटे व भतीजे के खिलाफ मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और अगर वे दोषी है तो उनकी खिलाफ कार्रवाई हो अगर सरपंच दोषी है तो सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शिकायत में बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने का कारण है कि वे पंचायत द्वारा करवाए गए कामों की जांच की मांग कर रहे थे और गांव की 20 एकड़ जमीन को बेचने के मामले का उनके बेटे व भतीजे ने भी विरोध किया था। उसी कर रंजिश में ये मामला दर्ज है। शिकायत में आरोप है कि सरपंच का भाई गृह जिले में 10 साल से पुलिस विभाग में कार्यरत है। जो कानूनी तौर पर गलत है। उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने में उनका पूरा सहयोग है। कमिशर से उन्होंने तबादला कराने की मांग की। इसके अलावा गांव के एक व्यक्ति ने उनके खिलाफ सीएम वींडो पर भी शिकायत दी थी। उसकी भी कही सुनवाई नही हो रही है।

सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का ब्यौरा दिया

- शिकायत के दौरान बताया गया कि खेवड़ा गांव के सरपंच के खिलाफ गत 17 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव भी पास हो चुका है। 20 पंचों में से 17 पंचों ने हस्ताक्षर किए है। इसी मामले में सरपंच ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया था। पंचों ने सरकार से मांग की थी कि सरकारी अधिकारी उनके गांव में काम करवाएं।

# डाकघरों में रजिस्ट्री सेवा बंद, आम आदमी की जेब पर पड़ा डबल से ज्यादा बोझ

**गन्नौर।** केंद्र सरकार द्वारा डाकघरों में रजिस्ट्री सेवा बंद किए जाने के फैसले से आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। अब लोगों को रजिस्ट्री की जगह स्पीड पोस्ट करानी होगी, साथ ही सरकारी कार्यालयों में कार्यरत बाबुओं को भी इससे परेशानी झेलनी पड़ रही है। पूर्व में रजिस्ट्री का शुल्क मात्र 26 रुपये था, जोकि आम आदमी के लिए सस्ता और किफायती विकल्प था। लेकिन 1 अक्टूबर से रजिस्ट्री सेवा बंद कर दी गई है और उसकी जगह स्पीड पोस्ट का विकल्प ही उपलब्ध है। स्पीड पोस्ट का न्यूनतम शुल्क 55 रुपये निर्धारित किया गया है, जो रजिस्ट्री के मुकाबले डबल से भी ज्यादा है। खास बात यह है कि लोगों से 55 रुपये वसूले जा रहे हैं लेकिन रसीद 47 रुपये की ही दी जा रही है। डाकघर कर्मचारी इसे 8 रुपये जीएसटी बता रहे हैं। गन्नौर डाकघर पहुंचे सतबीर, सुनील और राजबीर ने बताया कि पहले रजिस्ट्री मात्र 26 रुपये में हो जाती थी, लेकिन अब उसी कार्य के लिए उनसे 55 रुपये वसूले जा रहे हैं। उनका कहना है कि गये तो डबल से भी ज्यादा बोझ है, ऊपर से रसीद भी पूरी रकम की नहीं दी जा रही। यह आम जनता से सीधा लूट जैसा है। फिलहाल डाकघर के इस नए नियम से हर वर्ग परेशान है और लोग चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द पारदर्शी समाधान लेकर सामने आए।

रजिस्ट्री सेवा बंद करने के आदेश : पोस्ट मास्टर- जब इस बारे पोस्टमास्टर आनंद से बात की उन्होंने बताया सरकार से उनके पास आदेश है कि 1 अक्टूबर से रजिस्ट्री सेवा पूरी तरह से बंद कर दी गई है और अब केवल स्पीड पोस्ट ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्पीड पोस्ट का खर्च 47 व 8 रुपये टेक्स है ग्राहक से 55 रुपए ही लिए जा रहे जो सरकार की हिदायत है लेकिन अभी साफ्टवेयर अपलोड न होने के कारण 47 रुपये की ही रसीद निकल रही है टैक्स नही दिखाया जा रहा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पंचवटी और आदर्श नगर मंडल द्वारा विजयादशमी उत्सव आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पंचवटी मंडल, आदर्श नगर, जिला मुखर्जी नगर द्वारा भव्य विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में लगभग 200 स्वयंसेवक एवं 100 समाजबंधु सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लगभग 2.5 किलोमीटर लंबा पथ संचलन घोष वादन के साथ निकाला गया।
जिसमें जनमानस ने अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। मार्गभर में जनता द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और पूरे उत्सव का वातावरण उल्लासपूर्ण रहा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीमा अग्रवाल मुख्य वक्ता रहे। प्रमोद पेठकर, संघ प्रचारक वनवासी कल्याण आश्रम में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि विजया दशमी का पर्व हिंदू समाज में शक्ति, संगठन और पराक्रम का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी भावना के साथ समाज को संगठित करने और विश्व कल्याण के उद्देश्य से निरंतर आगे बढ़ रहा है।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों का स्वागत किया और समाज जीवन में इसके सकारात्मक योगदान की सराहना की।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी: सत्य के मार्ग पर चलकर ही मिलेगी सफलता: चौहान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से दशहरा महोत्सव जे.जे कॉलोनी वजीरपुर दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विष्णु चौहान ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। रावण दहन केवल प्रतीक मात्र नहीं, बल्कि यह समाज में व्याप्त अहंकार, अन्याय और असत्य के अंत का प्रतीक है। इस मौके पर रामलीला महामंत्री रामचंद्र चौहान, उपाध्यक्ष रामशरण कश्यप, श्याम कुमार, मंत्री सुनील राजनिवाल, राजकुमार गोमावत नरेश माहौर, मंच संचालक बाबू सत्यनारायण, संयोजक व समाजसेवी अजय जिंगला उपस्थित रहे।

## अशोक विहार: प्रभु श्रीराम का राजतिलक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस-2 में कुंभकरण-मेघनाथ व रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन के पश्चात प्रभु श्रीराम का राजतिलक संपन्न हुआ।
इस मौके पर अरुण बंसल चेयरमैन आदर्श रामलीला कमेटी व सुरेंद्र पाल गुप्ता मुख्य संरक्षक आदर्श रामलीला कमेटी ने राजतिलक किया।
इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी सत्यनारायण केजरीवाल व सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश सम्मिलित हुए। दशहरा एकता, अच्छाई और अंधकार की अंतिम हार की शक्ति का उत्सव है।

## गांधी किसी व्यक्ति का नहीं एक विचारधारा का नाम है: भारद्वाज




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गांधी किसी व्यक्ति का नहीं एक विचारधारा का नाम है, क्योंकि व्यक्ति मर सकता है लेकिन विचारधारा कभी मरा नहीं करती यह कहना है करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। यह बातें उन्होंने मल्कागंज ब्लॉक और झड़ौदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठको में कही। मल्कागंज अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य और झड़ोदा वार्ड रेखा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं और लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती पर आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभाओ में कही। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर होने वाली मासिक बैठको के तत्त्वधान में इन सभाओं को आयोजित किया गया था।
इन सभा में एडवोकेट सतबीर सिंह, डॉ वी आर चौधरी ऑब्जर्वर पूर्व निगम पार्षद अनिल शर्मा, मुखर्जी नगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौहान, देवेंद्र कुमार, डॉ अरविंद त्यागी, ओम प्रकाश सूद, जिला महासचिव वीर सिंह, राज ठाकुर ने शिरकत कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी और शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर समाजसेवी नीरज मौर्य ने किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/आलापुर: राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर नव्या ग्रीन फाउंडेशन की अगुवाई में और सहयोगी संस्थान आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान के संयुक्त प्रयास से एक प्रेरणादायक पौधारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज मौर्य अध्यक्ष, नव्या ग्रीन फाउंडेशन, घनश्याम अध्यक्ष, आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान, आदित्य मौर्य सहित कई समर्पित सदस्य एवं समाजसेवी साथी उपस्थित रहे और सबने मिलकर हरियाली का यह संकल्प लिया। इस अवसर पर नीरज मौर्य ने कहा कि पौधारोपण हर इंसान को करना चाहिए, क्योंकि यही वह कार्य है जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। हर पौधा हमारे बच्चों के लिए एक सांस, एक छांव और एक जीवन है।

## मुबारकपुर डबास के युवा खिलाड़ियों ने जीता नेशनल गोल्ड मेडल, गांव में हुआ उनका भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गांव मुबारकपुर** डबास के चार युवा छात्र नीतीश, मिलन डबास, जयंत डबास और दिव्यांश ने हैदराबाद में आयोजित सोलहवीं जूनियर चौक बाल नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर गांव और दिल्ली का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता पिछले सितंबर माह में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर की 25 टीमों ने हिस्सा लिया। दिल्ली चौक बाल एसोसिएशन, शाहदरा के कोच एवं जनरल सेक्रेटरी जगप्रीत सिंह के नेतृत्व में दिल्ली की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। गोल्ड मेडल विजेताओं के सम्मान में आज गांव मुबारकपुर डबास में भव्य समारोह आयोजित हुआ। ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं तथा नोटों की माला से खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। पूरे गांव में जुलूस निकाल कर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इसके बाद आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने कहा कि यह उपलब्धि केवल गांव का ही नहीं बल्कि पूरी दिल्ली और देश का गौरव है। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में ये युवा और भी ऊंचाइयों को छुएंगे और गांव का नाम रोशन करेंगे। समारोह में गांव की छात्रा प्रियांशी डबास को भी सम्मानित किया गया, जिन्हें अंडर-15 दिल्ली महिला टीम में उपकप्तान नियुक्त किया गया है तथा उनका चयन दिल्ली प्रीमियर लीग में भी हुआ है। कार्यक्रम में गांव और आस-पास के क्षेत्रों से आए गणमान्य लोग करण सिंह, रामकुमार, सुरेंद्र सिंह, हेमचंद्र डबास सहित अनेक लोग मौजूद रहे। विजेंद्र डबास ने बताया कि पूरे गांव में खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी की लहर दौड़ गई।

## प्रभु श्री राम के जीवन से सभी ले प्रेरणा: धर्मवीर यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा** नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि हम सभी को प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और हमेशा ही देश हित में कार्य करते हुए गरीब व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम ने हमेशा ही सभी कार्य मयार्दा में रहते हुए किये। उन्होंने अपनी शक्तियों का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया और हमेशा ही अच्छाई की राह पर चलते हुए सभी को सत्य की राह पर चलने का संदेश दिया। मैं सभी अभिभावकों से अपील करता हूं कि अपने बच्चों को समय निकालकर अपने आस-पास हो रही प्रभु श्री राम की लीला व धार्मिक आयोजनों में अवश्य ही लेकर जाएं जिससे कि बच्चे प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़े और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें और जो हमारे संस्कार हैं उनको ग्रहण करें और हमेशा ही अनुशासन का पालन करें।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मेरा युवा भारत**, नांगलोई पश्चिमी दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार)के द्वारा जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की उपस्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ग वृद्ध आश्रम निहाल विहार नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत नांगलोई से पूजा कौशिक जिला युवा अधिकारी (मेरा युवा भारत नांगलोई पश्चिमी दिल्ली), सोनी चौहान लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सहित मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक व महिला मंडल सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पूजा कौशिक ने सभी वृद्धजनों को संगठन की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए उनके समाज में महत्वपूर्ण योगदानों की सराहना की।
साथ ही सभी युवाओं से अनुरोध किया कि सुखद भविष्य और स्वर्णिम राष्ट्र के निर्माण हेतु हम सभी को मिलकर अथक परिश्रम और प्रयास करने है। जो हमारे बड़ों के आशीष व उनके अनुभवों के माध्यम से ही संभव है। वयोवृद्ध न केवल हमें बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने का जज्बा रखते है, बल्कि उसे धरातल पर पोषित करने का कार्य भी करते है। युवा पीढ़ी को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति आनंदित व उत्साहित भाव से अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए और एक भावनात्मक वातावरण का निर्माण करना चाहिए। इस अवसर पर कई कलात्मक व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें गीत, कहानी वाचन, डिजिटल साक्षरता, बेहतर स्वास्थ्य हेतु दैनिक दिनचर्या में योग व व्यायाम को शामिल करना सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया शामिल है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



**भाजपा नेता और दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष स्व. प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा की केदारनाथ साहनी सभागार, सिविक सेन्टर में प्रार्थना सभा के दौरान उनको श्रद्धाजंलि देते हुए निगम पार्षद सुशील जोंटी।**

## भलस्वा वार्ड: सत्य की हमेशा ही होती है विजय: अजीत यादव निगम पार्षद






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वार्ड-17 भलस्वा के अंतर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के ब्लॉक स्थित रामलीला पार्क में निगम पार्षद अजीत यादव ने रावण दहन किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर पार्चा, वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, राजपाल यादव, नवीन यादव, सतीश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। निगम पार्षद अजीत यादव ने सभी क्षेत्रवासियों को अधर्म पर धर्म की विजय और असत्य पर सत्य की, बुराई पर अच्छाई की, पाप पर पुण्य की जीत के महापर्व विजयदशमी की अनेकों शुभकामनाएं दी। इसके अलावा डीडीए फ्लैट के सामने जहाँगीरपुरी में आयोजित 8वां मां माता भगवती जागरण में भी निगम पार्षद अजीत यादव ने जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी क्षेत्रवासियों के उज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है। इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इस मौके पर कई लोगों ने भी विचार रखें।

# पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं एवं लड़कियों को उनके कानूनी अधिकारों, पॉश/पोक्सो एक्ट एवं साईबर क्राइम बारे जागरूकता के दृष्टिगत कल्पना चावला राजकीय बहुतकनीकी संस्थान (महिला) अम्बाला शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की एडवोकेट दीपा सिंह विशेष तौर पर मौजूद रही। इससे पहले चेयरपर्सन का यहां पहुंचने पर कालेज प्राचार्य मनीष कुमार व अन्य स्टाफगण सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने इस मौके पर उपस्थित कालेज की छात्राओं को महिला आयोग की महत्वता बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महिला आयोग द्वारा पूरे हरियाणा के कालेजों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों व स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करके पॉश/पोक्सो एक्ट एवं साईबर क्राइम से सम्बन्धित जानकारी दी जा रही है ताकि महिलाओं के साथ-साथ लड़कियां भी जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों को किए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि अपराध होने से पहले उससे बचा जा सके। उन्होंने इस दौरान पॉश (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड? की रोकथाम) और पोक्सो (बच्चों के यौन शोषण से सुरक्षा) अधिकारों के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी।

चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि महिलाओं को सुरिक्षत कार्य वातावरण देना हर संस्थान की जिम्मेदारी है। पॉश अधिनियम के तहत हर कार्य स्थल पर आतरिंक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य है ताकि किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड? की शिकायत को तुरंत व निष्पक्ष तरीके से निपटाया जा सके। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा राज्यभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिनमें महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया जाता है। पोक्सो अधिनियम के तहत भी उन्होंने उपस्थित छात्राओं को अवगत करवाते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। चेयरपर्सन ने इस मौके पर यह भी कहा कि आयोग द्वारा जो कार्यक्रम किए जा रहे हैं, उससे जागरूकता भी आई है और क्राइम में भी कमी आई है।

उन्होंने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए यह भी बताया कि यदि हम महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों एवं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों से सम्बन्धित उन्हें जानकारी दें तो निसंदेह इससे वह जागरूक होंगी, आज के कार्यक्रम को किए जाने का उद्देश्य भी यही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में हरियाणा राज्य महिला आयोग में चेयरपर्सन का पद ग्रहण किया था और उनके पास कई वर्ष पुराने मामले भी आए हैं, उन्होंने सभी केसों में स्वयं मोनिटरिंग की है, कुछ केस कोर्ट तक, कुछ केसों को आपसी सुलह से व कुछ केसों को आपसी समन्वय बनाकर उनका निवारण भी करवाया है और पीड़ितों को न्याय दिलवाने का काम किया है। उन्होने यह भी कहा कि यदि किसी केस में महिलाओं या लड़कियों के साथ कुछ गल्त होता है।






# बाल दिवस प्रतियोगीताओं में बच्चे दिखाएँगे अपनी प्रतिभाओं के रंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से जिला बाल कल्याण परिषद एवं बाल भवन अंबाला द्वारा 13 अक्तूबर से 17 अक्तूबर, 2025 तक पंचायत भवन, अंबाला शहर में जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद का यह मंच बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाओं और सृजनात्मक गुणों को सामने लाने तथा उन्हें निखारने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करेंगा। अपनी प्रतिभाओं के दम पर बच्चों को मण्डल स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेंगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभाओं के द्वारा कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

उपायुक्त ने जिले के सभी स्कूलों व बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया कि वे निर्धारित आयु वर्ग के अधिक से अधिक बच्चों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे अपने प्रतिभा और सृजनात्मकता गुणों के द्वारा एक नई पहचान बनाकर जीवन में आगे बढ सकें। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के निदेर्शानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद एवं बाल भवन द्वारा जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, एकल गान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, देशभक्ति समूह गान तथा एकांकी नाटक/नाट्य नाटक जैसी प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी के लिए डिजिटल पोर्टलों से जुड़े युवा



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** उपायुक्त अखिल पिलानी ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उपायुक्त ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं।

इनमें सबसे प्रमुख है माईजीओवी, जो नागरिकों को सरकार के साथ जोड़कर गुड गवर्नेंस में भागीदारी सुनिश्चित करता है। यहां लोग चचाओं, सर्वे, पोल, क्विज और ऑन-ग्राउंड गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। माईजीओवी की मजबूत सोशल मीडिया मौजूदगी भी है और यह ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व भारतीय प्लेटफॉर्म जैसे कू, शेयरचैट, चिंगारी, रोपोसो पर सक्रिय है। माई भारत युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समाज में योगदान का अवसर देता है, जबकि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल युवाओं को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास के जरिए करियर निर्माण में मदद करता है।

उपायुक्त ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और नीति निर्माण में योगदान देने का बेहतरीन अवसर दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से इनका अधिकतम लाभ उठाने और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

### जिला नूंह में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री व वितरण पर पूर्णत: प्रतिबंध

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिलाधीश एवं उपायुक्त अखिल पिलानी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 व विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं विस्फोटक नियम, 2008 के तहत आदेश पारित कर जिला नूंह की सीमा में किसी भी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री व वितरण, जिसमें ऑनलाइन डिलीवरी भी शामिल है, पर तत्काल प्रभाव से पूर्णत: प्रतिबंधित लगाया है। जिलाधीश ने इन आदेशों में स्पष्ट्द किया है कि विस्फोटक अधिनियम व विस्फोटक नियम के तहत पहले से जारी पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री संबंधी सभी प्रकार के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इन आदेशों की अनुपालना संबंधित कार्यकारी मजिस्ट्रेट व संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। इन आदेशों की किसी भी प्रकार की अवहेलना करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 व विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने आदेश दिए हैं कि संबंधित विभाग एवं एजेंसी इन आदेशों की अनुपालना कड़ाई से कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि यह आदेश जनहित में पटाखों के प्रयोग से जनजीवन के स्वास्थ्य को बचाने व पर्यावरण के गंभीर खतरे को रोकने, आगजनी, ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं से बचने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। पटाखों का प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों पर अत्यधिक पड़ता है, इसलिए सभी की सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

### संदिग्ध हालात में 57 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**सोनीपत:** जिले के सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में 57 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान भवापुर निवासी योगेंद्र के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भिजवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में किसी तरह की चोट या बाहरी हिंसा के निशान नहीं मिले है।

# घर के बाहर से चोरी हुई मोटरसाइकिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। ताजा मामला पुराना शहर क्षेत्र से सामने आया है, जहां हलवाई हट्टा से मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। शिकायतकर्ता रुपक कुच्छल पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पास पल्सर 125 सीसी मोटरसाइकिल है। गत 17 सितंबर की रात को अपनी मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी की थी। लेकिन अगले दिन सुबह जब वे बाहर निकले तो वहां मोटरसाइकिल गायब मिली। उन्होंने आसपास बहुत तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

घटना की सूचना पाकर एएसआई अनिल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। रुपक कुच्छल की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन सोनीपत में दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में गूंजा देशभक्ति का स्वर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक दांडी मार्च का मनोहारी अभिनय कर स्वतंत्रता संग्राम के महान संघर्ष को जीवंत कर दिया। वहीं, गांधीजी के तीन बंदरों की प्रेरक कथा का मंचन बच्चों ने अत्यंत सुंदरता से प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि "बुरा मत देखो, बुरा मत कहो और बुरा मत सुनो।"



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने तो मानो कार्यक्रम की शोभा ही बढ़ा दी। छोटे-छोटे बच्चों ने जब देशभक्तों की वेशभूषा धारण कर मंच पर कदम रखा तो वातावरण वंदे मातरम्‌ और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। उनके भावपूर्ण अभिनय ने सभी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर वंदना सोढ़ी ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रस्तुतियों को नमन करते हुए कहा कि यह बाल-कलाकार ही आने वाले कल के सच्चे राष्ट्रनिमार्ता हैं। एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती मंजू सचदेवा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के हृदय में देशप्रेम की ज्योति प्रज्वलित होती है और वे इतिहास की गौरव गाथाओं से जुड़ते हैं।

विद्यालय प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में बच्चों को गांधीजी और शास्त्री जी के जीवन से सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और सादगी जैसे उच्च मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

# प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ एवं डॉक्टर पंकज बेनीवाल प्रवक्ता पहुंचे नूँह

**नूह मेवात (लियाकत अली):** आत्मनिर्भर भारत को लेकर पूरे देश में अभियान चलाया गया है। कोरोना वैक्सीन रिकॉर्ड समय में बनाई जो आत्मनिर्भर भारत का संकेत है। नाव से लेकर पानी का जहाज सबसे पहले भारत वर्ष ने अविष्कार किया। उक्त वक्तव्य प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ एवं डॉ पंकज बेनीवाल प्रवक्ता ने झिर कमल कार्यालय नूँह में पत्रकारवार्ता के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि पूरे के साथ साथ 100 देशों को दवाई दी, लोग आज स्वदेशी को अपना रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत बनाना है




तो हमें स्वदेशी अपनाना होगा। गार्गी कक्कड़ ने विदेशी चीजों का बहिष्कार करना होगा। आधुनिक चीजों का निर्माण करना होगा। स्वदेशी उत्पादन बढ़ा रहे हैं। 2014 में रक्षा उत्पादन 46 हजार करोड़ था जो आज 1लाख 27 हजार करोड़ पर पहुंचा दिया है। आज हम सेना के लिए स्वदेशी हथियार बना रहे है। सिविल एविएशन में हम आगे बढ़ रहे हैं। कृषि आय हम लगातार बढ़ा रहे हैं। इनकम टैक्स की सीमा 12 लाख की गई है ताकि लोगों के पास पैसा बचे, आज हम इकॉनमी में दुनिया में 4 चौथे स्थान पर है।

# ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**सोनीपतः मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव टिकौला में एक ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राजकिशन ने अपने पड़ोसी सुभाष के खिलाफ मुरथल थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना उस समय हुई जब सुभाष और राजकिशन के बीच किसी निजी विवाद को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सुभाष ने हाथ में हथियार लेकर राजकिशन पर हमला किया, जिससे उसकी जान को खतरा उत्पन्न हुआ।

# जीवन वही जो जनहित में जिया जाए: स्वामी हरि ओम दास



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज वात्सल्य वाटिका में दशहरा उत्सव मनाया गया एवं मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के जीवन को समाज उपयोगी मानकर स्वयं में धारण कर वैसा ही जीवन जीना चाहिए । ऐसे विचार स्वामी जी द्वारा बताए गए। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही। स्वामी हरिओम दास जी जो स्वयं देहदान का भी संकल्प लिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज हम परिवर्तन के मुहाने पर खड़े हैं ।चुनौतियां हमारे सामने अलग-अलग प्रकार का रूप लेकर खड़ी हैं हमें चुनौतियों का सामना डटकर करना होगा। हमें भटकाव में आ रहे युवाओं को सही दिशा देकर समाज कल्याण की राह पर लाना होगा ।आज रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं को यह एहसास हो कि मैं समाज के लिए और मुझे हर समाज कल्याण का प्रयास करते रहना है ।उन्होंने कहा कि जीवन वही सही जो जनहित में जिया जाए। रक्तदान शिविर में 27 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था कार्यकारिणी नगर पालिका थानेसर के अध्यक्ष के प्रतिनिधि मलकीत ढांडा,भाजपा नेता राजकुमार सैनी ,विवेक रावत ,भाजपा नेत्री शालू यादव ,डॉ राजेश, डॉ मानिक, कृष्ण पांचाल, जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र अमनदीप कौर, सीमा, समाज सेविका कमलेश धीमान ,वेद प्रकाश, सूरज कमल सेठ, प्रधान अंगूरी लाल ,गगनदीप हरिश्चंद्र, सुभाष पर्चा ,मंदीप आदि सैकड़ो युवा साथी उपस्थित रहे।

# कमलजीत सिंह पंछी को कटारिया ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर 17 के अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर श्री कमलजीत सिंह पंछी को आज पंजाब के माननीय राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वच्छ सम्मान समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया, जो रानी लक्ष्मीबाई भवन, सेक्टर 38, चंडीगढ़ में आयोजित हुआ। यह समारोह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसमें नगर निगम चंडीगढ़



तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री कटारिया ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया स्वच्छ भारत अभियान अपने वास्तविक लक्ष्य तक पहुंच पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि नागरिक दायित्व है। श्री कमलजीत सिंह पंछी लंबे समय से चंडीगढ़ में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे नियमित रूप से विभिन्न बाजार समितियों, व्यापारी संघों एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से स्वच्छता जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उन्होंने प्लास्टिक-मुक्त बाजार की पहल, कचरा प्रबंधन कार्यशालाएं तथा पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया है। उनकी प्रेरणा से चंडीगढ़ के अनेक व्यापारी और संस्थाएं इस अभियान से जुड़ चुकी हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्री पंछी ने कहा, यह पुरस्कार मेरे व्यक्तिगत प्रयासों का नहीं बल्कि पूरे चंडीगढ़ के व्यापारियों और समाजसेवियों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है।

# उदासी सम्प्रदाय के संस्थापक बाबा श्रीचंद धाम की धूमधाम से हुई स्थापना...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पेहवा रोड नरकातारी स्थित मेहला कॉलोनी में उदासी सम्प्रदाय के बाबा श्री चंद धाम की स्थापना बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई जहां पूजन हवन के बाद भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। धाम के पीठाधीश श्री उपेंद्र शुक्ला ने बताया कि श्री चंद (1494 से 1643), जिन्हें बाबा श्री चंद भी कहा जाता है, गुरु नानक के ज्येष्ठ पुत्र और उदासी नामक तपस्वी संप्रदाय के संस्थापक थे। उनका जन्म माता सुलखानी के यहाँ भादों सुदी 9, 1551 ई./9 सितंबर 1494 को सुल्तानपुर



लोधी, जो अब पंजाब के कपूरथला जिले में है, में हुआ था। उस समय यह प्रथा कि बच्चे का जन्म माता के पैतृक घर पर ही होता था, एक बहुत ही सामान्य और स्वीकृत प्रथा थी। श्री चंद ने बहुत कम उम्र में ही योग की तकनीकों में महारत हासिल कर ली थी। वे अपने पिता बाबा नानक के प्रति समर्पित रहे और उन्होंने उदासी संप्रदाय की स्थापना की। उन्होंने दूर-दूर तक यात्राएँ कीं और गुरु नानक के बारे में जागरूकता फैलाई। बाबा श्री चंद को बाद के सिख गुरुओं ने बहुत सम्मान दिया। गुरु अमरदास के ज्येष्ठ पुत्र बाबा मोहन, जिन्हें गुरु साहिब की पोथियों के संरक्षक के रूप में जाना जाता है, जिनसे गुरु अर्जुन देव ने गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन किया था।

# रेलवे स्टेशन से युवक का पर्स चोरी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** जिले में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। ताजा मामला रेलवे स्टेशन सोनीपत से सामने आया है, जहां प्लेटफार्म नंबर-2 से एक युवक का पर्स अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पीड़ित की शिकायत पर राजकीय रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव जुआं निवासी विरेंद्र ने बताया कि वह गुरुग्राम में नौकरी करता है और बीते दिन जब वह घर लौट रहा था तो रेलवे स्टेशन सोनीपत पर प्लेटफार्म नंबर-2 से उसका पर्स चोरी हो गया। पीड़ित ने बताया कि पर्स में उसका आई-कार्ड, एटीएम कार्ड, करीब दो हजार रुपये नकद और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना पाकर थाना जीआरपी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को भी दे दी गई है।

# सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी बने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी बने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सदस्य। प्रधान गुरनाम सिंह सैनी के केडीबी में नियुक्ति को लेकर सैनी समाज में अत्याधिक खुशी की लहर व्याप्त है ।

सैनी समाज में आज नवनियुक्त के डी बी सदस्य गुरनाम सिंह सैनी और हरमेश सिंह सैनी को बुक्के देकर सम्मानित किया गया और मीठा मुंह करवाया गया। ज्ञात रहे की गुरनाम सिंह सैनी बहुत ही मेहनती ,कर्मठ और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी है। उनके नेतृत्व



में सैनी समाज सभा ने बहुत ही उन्नति की है। वह इस समय सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र के दूसरी बार प्रधान है।

सैनी समाज के लोग उनकी कार्यशैली के बहुत ही कायल हैं। गुरनाम सिंह सैनी का कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सदस्य के रूप में जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसे बखूबी निभाएंगे निभाएंगे ।

इस अवसर सैनी समाज सभा ने भाजपा नेतृत्व और माननीय मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर सतप्रकाश सैनी,सुभाष कसीथल,माणक सिंह,बलदेव सिंह सरपंच,नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



# जानलेवा है हेपेटाइटिस


हेपेटाइटिस जानलेवा बीमारी है। जिसमें हेपटाइटिस बी लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला मर्ज है। हर साल 28 जुलाई को वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। वर्ल्ड हेपटाइटिस डे, इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। हेपेटाइटिस के कारण लिवर में सूजन आ जाती है। हेपटाइटिस संक्रामक बीमारियों का एक समूह है जिसे हेपटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई के रूप में जाना जाता है। इसलिए इस बीमारी से बचने के लिए सावधानी की बहुत आवश्यकता होती है।

भारत में फैलने का प्रमुख कारण

भारत में हेपटाइटिस फैलने का प्रमुख कारण मां से बच्चे में वायरस का संचारित होना है। इसके अलावा असुरक्षित रक्त संक्रमण, असुरक्षित यौन संबंध, असुरक्षित सुइयों का इस्तेमाल भी बीमारी के फैलने का कारण है। हेपेटाइटिस बी का वायरस खून, सीमन और शरीर के अन्य तरल पदार्थ के जरिए संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में पहुंचता है।

## हेपेटाइटिस के लक्षण

त्वचा या आंखों के सफेद हिस्से का पीला पड़ जाना
भूख न लगना
उल्टी आना
बुखार और थकान जो कई सप्ताह या महीनों तक बना रहे



## ऐसे करें हेपेटाइटिस से बचाव

बीमारी के लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं क्योंकि इस बीमारी में लापरवाही घातक साबित हो सकती है।
हेपटाइटिस, मॉनसून के दौरान अधिक फैलता है, इसलिए इस मौसम में तैलीय, मसालेदार, मांसाहारी और भारी खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।
पॉलिश किए हुए सफेद चावल, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, केक, पेस्ट्री, चॉकलेट्स, ऐल्कॉहॉल से दूरी बनानी चाहिए
शाकाहारी आहार, ब्राउन राइस, हरी पत्तेदार सब्जियां, विटमिन सी युक्त खट्टे फल, पपीता, नारियल पानी, सूखे खजूर, किशमिश, बादाम और इलायची का भरपूर सेवन करें।



# हार्ट और हड्डियों के लिए भी खतरनाक है बर्गर

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में जंक फूड कब हमारे रूटीन में शामिल हो जाते हैं, पता भी नहीं चलता है। आजकल बर्गर हर किसी के फेवरिट फूड्स में से शामिल है। काम के बीच में अगर आपको भूख लगती है तो आपकी मदद के लिए बर्गर तुरंत आ जाता है। ज्यादातर लोग बर्गर खाने के खतरों से अनजान हैं। बर्गर आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है भले ही आप इसे कभी-कभी ही क्यों ना खाते हों। दरअसल बर्गर में कई ऐसे तत्व होते हैं जो रोगों से लड़ने की क्षमता को कमजोर करते हैं। फास्ट फूड में आम तौर पर अत्यधिक संतृप्त और ट्रांस फैटी ऐसिड होते हैं जो रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

## हाई बीपी और हृदय रोग का खतरा

पर्याप्त फल खाने से ऐसी बीमारियों से बचा जा सकता है। यह ऐसा भोजन, जो संतृप्त वसा से भरा हुआ है, आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस वसायुक्त भोजन को लगातार करने से धमनियां काफी बिगड़ जाती हैं। इससे ब्लड फ्लो में बाधा उत्पन्न होती है। ब्लड फ्लो के इस प्रतिबंध से भविष्य में हृदय रोगों की संभावना बढ़ जाती है। बर्गर जैसे फास्ट फूड से बच्चों में अस्थमा, एग्जिमा, खुजली और आंखों से पानी आना जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। खाने में पोषक तत्वों की कमी ऐलर्जी संबंधी बीमारियों को पनपने का मौका देती है।

## बीमारियों का भंडार है बर्गर

बर्गर कैलरी, वसा और अतिरिक्त सोडियम से भरे होते हैं। ये सभी आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। एक बर्गर में 500 कैलरी, 25 ग्राम वसा, 40 ग्राम कार्ब्स, 10 ग्राम चीनी और 1,000 मिलीग्राम सोडियम होता है, जो आपको बीमार करने के लिए पर्याप्त है।

## डायबीटीज

बर्गर की पहली बाइट खाने के 15 मिनट बाद आपके शरीर में ग्लूकोज की भारी वृद्धि हो जाती है। यह इंसुलिन रिलीज करने को बढ़ावा देता है, जिससे आपको कुछ घंटों में फिर से भूख लगती है। इस पैटर्न को दोहराने से मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। एक बार में अत्यधिक कैलरी लेने से शरीर की कोशिकाओं पर ऑक्सिडेटिव तनाव पड़ता है।

## विटमिन डी की कमी

बर्गर के चलते फैट की अधिकता और विटामिन-डी और कैल्शियम की कमी हड्डियों को कमजोर कर देती है। हड्डियां टेढ़ी होने लगती हैं। बर्गर में मौजूद फैट, नमक या शुगर के चलते पेट तो भर जाता है लेकिन शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन, विटमिन, कैल्शियम या मिनरल नहीं मिल पाते।



# हाई ब्लड शुगर के कारण बढ़ सकता है पैन्क्रियाटिक कैंसर का खतरा

हाल ही में हुए एक स्टडी के अनुसार हाई ब्लड शुगर के कारण पैन्क्रियाटिक कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। स्टडी के अनुसार, हाई ब्लड शुगर पैंक्रियाज में हेल्दी सेल्स के काम को रोक देता है और सेल काउंट बहुत तेजी से बढ़ने लगता है। यह स्टडी कोरिया में हुई है और इसका निष्कर्ष 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म' में प्रकाशित हुआ है। स्टडी में बताया गया है कि पैन्क्रियाटिक कैंसर से ग्रसित और पांच साल तक जिंदा रहने वाले लोगों की संख्या सिर्फ 9 प्रतिशत है। इसका मुख्य कारण पैन्क्रियाटिक कैंसर का इलाज बहुत मुश्किल है और अक्सर लास्ट के स्टेज तक इसके बारे में पता नहीं चल पाता है। जब तक इसके बारे में जानकारी होती है, यह कैंसर पैंक्रियाज से शरीर के बाकी हिस्सों में फैल जाता है। स्टडी से जुड़े लेखक चेओल-यंग पार्क ने बताया, 'पैन्क्रियाटिक कैंसर के मेजर रिस्क फैक्टर्स में से एक है हाई ब्लड शुगर। उन्होंने कहा, 'जब हमने नैशनल कोहोर्ट डेटाबेस का उपयोग करते हुए फास्टिंग ग्लूकोज के स्तर के अनुसार पैन्क्रियाटिक कैंसर की घटनाओं का मूल्यांकन किया, तो हमने पाया कि पैन्क्रियाटिक कैंसर के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है क्योंकि ग्लूकोज का स्तर बढ़ गया था। यह दोनों तरह के लोगों में था, जिन्हें डायबीटीज की समस्या थी और जिन्हें डायबीटीज नहीं था। इस स्टडी में शोधकर्ताओं ने 25 मिलियन से अधिक मरीजों के नैशनल कोहार्ट डेटाबेस का उपयोग करके बल्ड शुगर लेवल के अनुसार कोरिया में पैन्क्रियाटिक कैंसर की घटनाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने पाया कि जैसे-जैसे बल्ड शुगर लेवल बढ़ता है, पैन्क्रियाटिक कैंसर का रेट डायबेटिक से साथ-साथ वैसे लोगों में भी बढ़ा था, जिनका डायबीटीज ठीक हो चुका था और जिनका बल्ड शुगर लेवल सामान्य था। पार्क ने कहा, 'हमारे शोध के अनुसार, हेल्थ चेकअप से हाइपोग्लाइसीमिया के बारे में जल्द पता चलना और ग्लूकोज प्रोफाइल में सुधार के लिए जीवन शैली सुधार करके पैन्क्रियाटिक कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है।'




# कब्ज, ऐसिडिटी दूर करती है सौंफ

**आज के समय में ज्यादातर लोगों में ब्लड प्रेशर की समस्य होना आम बात हो गई है। आजकल के खानपान के चलते ये बीमारी किसी भी आयु के व्यक्ति हो सकती है। ब्लड प्रेशर का बढना और कम होना घातक होता है। ब्लड प्रेशर से सीधा हार्ट अटैक की समस्या हो जाती है। अगर आप भी इन बिमारी से बचना चाहते है तो आप सिर्फ सौंप का सेवन करें।**

आज हम आपको सौंप के होने वाले कई फायदे बताने जा रहे हैं जिनके बारे में आपको शायद ही पता होगा। सौंफ खाने से स्वास्थ्य संबंधी अन्य कई समस्याएं भी दूर हो जाती हैं, आइए जानते है।

## कंट्रोल में रहता है बीपी

सौंफ के पानी में पोटैशियम की मात्रा भी भरपूर होती है, जिसे पीने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

## वजन घटाती है सौंफ

सौंफ में आपके दैनिक जरूरत का 17 फीसदी विटमिन सी, 7 फीसदी कैल्शियम, 6 फीसदी आयरन, 6 फीसदी मैग्नीशियम, 3 फीसदी पोटैशियम और 19 फीसदी मैग्नीज होता है। इसमें कैलरी की मात्रा बहुत कम होती है। इसके अलावा सौंफ में ऐसे ऐंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो शरीर के मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे आपके शरीर में जमा हुई अतिरिक्त चर्बी तेजी से घटती है।

सौंफ पेट की सभी समस्याओं में फायदेमंद होती है। सौंफ का पानी पीने से और सौंफ खाने से कब्ज, ऐसिडिटी और अपच की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। सौंफ पाचन की क्रिया को तेज करती है।

## शरीर में खून भी बढ़ेगा

सौंफ में आयरन की मात्रा अच्छी खासी होती है। यही कारण है कि सौंफ के पानी का नियमित सेवन करने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अनीमिया (खून की कमी) के रोगियों के लिए सौंफ खाना और इसका पानी पीना फायदेमंद हो सकता है।

## खून भी होता है साफ

सौंफ में शरीर को डीटॉक्स करने का गुण प्राकृतिक रूप से होता है। यही कारण है कि सौंफ का पानी पीने और सूखी सौंफ खाने से खून में मौजूद गंदगी बाहर निकल जाती है। इससे खून साफ होता है और त्वचा पर निखार आता है।

